दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 23 नवम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 335 पेज-10 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## नोएडा और गाजियाबाद में डीजल ऑटो-रिक्शा बैन

### योगी सरकार ने किया ऐलान



**गाज़ियाबाद।** दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए बड़ी खबर है। खासकर उन लोगों के लिए जो नोएडा-गाज़ियाबाद में डीजल वाले ऑटो रिक्शा में सफर करते हैं। अब योगी आदित्यनाथ सरकर ने इन दो शहरों में डीजल ऑटो रिक्शा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी यह वाहन सड़क पर दौड़ते दिखे तो पुलिस इन पर कार्रवाई करेगी। इसलिए यात्री भी सफर करने से पहले देख लेना, कहीं आप डीजल वाले ऑटो में तो सफर नहीं करने जा रहे हैं।




## पिलखुवा में डॉ. कुमार विश्वास की 'अपने-अपने राम' कथा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### राम कथा मन, समाज और संस्कारों को आलोकित करती है : उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक

#### श्रद्धा, भक्ति और भाव-विभोर कर देने वाले क्षण

**पिलखुवा, करंट क्राइम।** पिलखुवा में 22/11/2025 को आयोजित अपने-अपने राम कथा ने पूरे नगर में आध्यात्मिकता और भक्ति का अद्भुत वातावरण बना दिया। कथा स्थल पर रामभक्तों का ऐसा प्रवाह उमड़ा कि पूरा परिसर भक्ति-रस से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने हर प्रसंग पर भावपूर्वक प्रतिक्रिया दी और बार-बार 'जय श्रीराम' के जयघोष से माहौल गुंजायमान रहा।

मुख्य कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास ने अपने विशिष्ट काव्यमय अंदाज में कथा की गूढ़ भावना और रामचरित की दिव्यता को अत्यंत सहज, प्रवाहमयी और हृदयस्पर्शी शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राम कथा सबसे पहले भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनाई थी। जैसे ही कथा में माता शबरी द्वारा प्रेमपूर्वक झूठे बेर श्रीराम को अर्पित करने वाला करुण-प्रेम से भरा प्रसंग आया, पूरा पंडाल भाव-विह्वल होकर भक्ति में डूब गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, सिडको अध्यक्ष वाई.पी. सिंह, पश्चिमी यूपी अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, अशोक गोयल, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, कैप्टन विकास गुप्ता, गढ़ विधायक हरेंद्र तेवतिया, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया और पूर्व मंत्री मदन चौहान समेत अनेक सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे।

संपूर्ण मंच संचालन आदरणीय डॉ. वागेश दिनकर ने उत्कृष्ट शैली में संपन्न किया।

#### पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल की मेहनत और अपनेपन ने बढ़ाई कार्यक्रम की चमक



पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल की सतत मेहनत, सुंदर व्यवस्था और लोगों से उनके अपनेपन वाले व्यवहार की पूरे कार्यक्रम में विशेष चर्चा रही। उन्होंने पूरी टीम के साथ मिलकर कथा स्थल की व्यवस्थाओं—सफाई, बैठने की सुविधा, पार्किंग, सुरक्षा, पानी व अन्य सेवा-प्रबंध—को बेहतरीन तरीके से संभाला। श्रद्धालुओं ने भी विभु बंसल के प्रयासों और उनकी सहज उपलब्धता की खुलकर सराहना की, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और अधिक बढ़ गई।



### जब आया ये सवाल, जनरल या अतुल गर्ग में से किसका बेस्ट रहा है कार्यकाल

## काफी देर साइलेंट रहे, फिर कुछ इस तरह किया रिएक्ट



#### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कबीरदास के दोहे को मोडिफाई किया और कहा कि भला जो देखन मैं चला तो भला ना मिलया कोय, जो दिल खोजा आपना तो मुझसे भला ना कोय।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कार्यकाल की तुलना होती ही है। हर जनप्रतिनिधि अपने हर साल के कार्यकाल का ब्यौरा देता है। खुद प्रशासनिक गलियारों से ये रिपोर्ट भी आती है कि किस जनप्रतिनिधि ने अपनी निधि कितनी और कहां कहां विकास कार्यों में लगाई है। इस बार लोकसभा में अलग ही माहौल है। यहां दस साल के बाद अचानक संगठन ने जनरल वीके सिंह को राज्यपाल बनाकर उन्हें लोकसभा की राजनीति से रेस्ट दिया। शहर विधानसभा के विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा। वो चुनाव लड़े और जीत गये। अतुल गर्ग ने सांसद बनते ही जमीन से लेकर आसमान तक काम किया। दिशा की बैठक में लोनी के सहारनपुर हाईवे की दशा सुधारने की बात की तो हिन्डन एयरपोर्ट से आसमान में जहाज उड़े। खुद अतुल गर्ग यहां से गोवा वाली उड़ान में भाजपा के विधायकों के साथ गये। अब लगभग एक साल का कार्यकाल हो चुका है और खुद भाजपा के मंत्री इस कार्यकाल को कैसे देखते हैं इसे लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से दैनिक करंट क्राइम ने बात की। सुनील शर्मा के सियासी व्यक्तिव की तीन बड़ी खुबियां हैं। वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा में पूरे देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीते हुए विधायक हैं, वो राजनीतिक रूप से इन सभी विधायकों और सांसद में सीनीयर है। एक साल के कार्यकाल को लेकर तुलनात्मक रूप से राय देनी थी और ये बताना था कि दोनों की कार्यशैली कैसी रही है। जनरल वीके सिंह और अतुल गर्ग की कार्यशैली के सवाल पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी ही शैली में जवाब दिया। पहले तो उन्होंने कहा कि ये दोनों ही भाजपा के सांसद हैं, एक सांसद रहे हैं और एक मौजूदा सांसद हैं। दोनों ही चेहरे भाजपा सरकार के कार्यकाल के सांसद हैं। उन्होंने काम की बात आने पर सरकार को क्रेडिट दिया और कहा कि सरकार का कार्य बहुत अच्छा रहा है। लेकिन यहां शब्दों में करंट उस समय आ गया जब दोनों के बीच समानता और दोनों के बीच भिन्नता की बात आयी तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का जवाब बेहद रोचक रहा। उन्होंने कहा कि जनरल वीके सिंह सेना में नौकरी करने के बाद रिटार्यड होकर सीधे चुनाव लड़ने के लिए गाजियाबाद आये थे। इसके बाद जब बात लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की आयी तो यहां भी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि श्री गर्ग के पिता स्वर्गीय पूर्व मेयर डीसी गर्ग को अपने शब्दों में जोड़ा। कहा कि अतुल गर्ग स्वर्गीय डीसी गर्ग के सुपुत्र थे इसलिए वो यहां तक पहुंचे हैं और उन्हें जो कुछ प्राप्त हुआ वो पिता के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ। हालाकि यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अतुल गर्ग पार्टी से जुड़े हैं और उनके परिवार का जुड़ाव भाजपा से रहा है। इसके बाद जब बात दोनों के बीच समानता और भिन्नता की आयी तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि जहां तक कार्यकाल का आंकलन करना है तो मेरा ये मानना है कि मेरा कार्यकाल सबसे बेस्ट रहा है। इसके बाद वो अचानक से दार्शनिक अंदाज में आये और कबीर दास का दोहा उन्होंने मोडिफाई कर दिया। ये कहकर वो मुस्कुराए। कहा कि कबीर दास जी ने कहा था कि बुरा जो देखन मैं चला बुरा ना मिला कोई , जो दिल खोजा आपना मुझसे बुरा ना कोई। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कबीरदास के दोहे को मोडिफाई किया और कहा कि भला जो देखन मैं चला तो भला ना मिलया कोय, जो दिल खोजा आपना तो मुझसे भला ना कोय। इसलिए हम सबसे भले हैं और फिर उन्होंने दोहराया कि पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह और मौजूदा सांसद अतुल गर्ग दोनों ही अच्छे हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय सिसोदिया का निधन, पत्रकारों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय सिसोदिया (49) का शुक्रवार शाम निधन हो गया। करीब छह माह पहले उन्हें पैंक्रियाज कैंसर होने की पुष्टि हुई थी। पिछले चार दिनों से वे दिल्ली के एम्स में भर्ती थे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह एम्स से गाजियाबाद के घूकना स्थित निवास पहुंचेगा। इसके बाद सुबह 11.30 बजे हिंडन श्मशान घाट के लिए अंतिम यात्रा निकलेगी। डॉ. संजय सिसोदिया ने अपने पत्रकारिता जीवन में अमर उजाला के गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम संस्करणों में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में सेवाएं दीं। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है।

दिवंगत के परिवार में पत्नी, माता-पिता, तीन भाई और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी ने हाल ही में जोधपुर से क्रिमिनोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया है, जबकि छोटी बेटी वहीं से बीए सिक्योरिटी मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही है।

गाजियाबाद के बड़ी संख्या में पत्रकारों ने उनकी स्मृति में नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

## कार को लेकर हो गयी भाजपा के ही दो नेताओं के बीच आरोपों वाली तकरार

## खोड़ा थाने में हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा, पार्टी आलाकमान तक पहुंची बात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की सबसे बड़ी विधानसभा में भाजपाईयों के दो गुट आमने सामने आ गये। दोनों ही पक्ष सरकार वाले हैं और दोनों के बीच रार की वजह एक कार है। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने उन पर कार चढ़ाकर हमला करने का प्रयास किया। दूसरे पक्ष का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में साफ आ रहा है कि कोई ऐसी इंटेशन नहीं है, किसी को कोई चोट नहीं लगी है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है लेकिन पुलिस का ये कहना है कि इस मामले में जांच की जायेगी। मामला दो भाजपाईयों का था लिहाजा इस कहानी में भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की भी एंट्री हुई और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की भी एंट्री हुई। दोनों पक्षों ने बयान दिये और कहा कि वो इस मामले में जांच चाहते हैं। घटनाक्रम के अनुसार खोड़ा थाना क्षेत्र में भाजपा नेता देवेन्द्र गिरी रहते हैं। देवेन्द्र गिरी इस समय भाजपा के एसआईआर अभियान के संयोजक हैं। वो भाजपा के ओबीसी मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री रहे हैं। पार्टी में कई दायित्व रहे हैं।

उनका ये आरोप है कि वह अपनी गली में खड़े थे और इसी दौरान भाजपा नेता कालू यादव का पुत्र अश्विनी यादव वहां कार लेकर आया और उन पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन वह बाल बाल बच गये। वहीं दूसरी तरफ कालू यादव का कहना है कि मेरा बेटा अपनी मां के साथ खरीददारी करने गया था और वो दोनों कार से आ रहे थे। कहीं कोई ऐसी घटना नहीं हुई है और सीसीटीवी कैमरे में सब घटनाक्रम मौजूद है।

### कालू चौक पर कालू यादव के दफ्तर के बाहर का है ये मामला

करंट क्राइम। ये पूरा मामला कालू यादव के उस दफ्तर के बाहर का है जहां कालू चौक बना है। कालू चौक पर देवेन्द्र गिरी खड़े थे और कालू यादव के बेटे की शादी 25 नवम्बर को होनी है। कालू यादव ने बताया कि अपनी मां के साथ मेरा बेटा शॉपिंग करके आया था और सीसीटीवी में साफ है कि ना कार की गती तेज थी और ना कार चढ़ाने का प्रयास हुआ। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

#### पहले भी थार से की थी कोशिश और मेरे परिवार पर मंडरा रहा है खतरा : देवेन्द्र गिरी



करंट क्राइम। भाजपा नेता देवेन्द्र गिरी ने कहा कि अश्विनी यादव ने पहले भी मुझ पर ऐसे ही हमला करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि उस समय थार कार से हमला किया था मैं तब भी बच गया था। मैंने तब अश्विनी यादव के ताऊ बल्ले पहलवान से इस बात की शिकायत की थी। पता नहीं उन्होंने अश्विनी से कुछ कहा या नहीं कहा। देवेन्द्र गिरी ने कहा कि मेरे छोटे भाई वीरेन्द्र गिरी पर भी ऐसी कोशिश हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि मेरे परिवार पर कोई हमला होता है तो ये जिम्मेदार होंगे।

#### मुझे कानून पर भरोसा और पुलिस की जांच पर है पूरा विश्वास : कालू यादव



करंट क्राइम। भाजपा नेता कालू यादव ने कहा कि पूरे मामले की सीसीटीवी फुटेज हमने पुलिस को सौंपी है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। यदि मेरा बेटा दोषी हो तो उसे जेल भेज दो। कालू यादव ने कहा कि सड़क पर कार खड़ी थी और मेरा बेटा लौटा था। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज है। उन्होंने कहा कि मुझे कानून पर पूरा भरोसा है, मुझे पुलिस की जांच पर भरोसा है। कार जिस समय गुजरी है जब चार फिट की दूरी थी। ना कोई हमला हुआ है और ना ऐसी कोशिश हुई है और ना ही किसी को कोई खरोंच आयी है।

#### जांच जारी है और पार्टी हाईकमान को करा दिया गया है अवगत : मयंक गोयल



करंट क्राइम। मामला दो भाजपाईयों की ऐसी रार का था जिसमें कार मुख्य बिंदू थी। जब कार को लेकर रार बढ़ी तो इसमें फिर भाजपा संगठन से लेकर सरकार के कैबिनेट मंत्री भी आ गये। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि दोनों ही पक्षों ने अपनी अपनी बात कही है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। जांच के बाद पुलिस निर्णय लेगी और इस मामले में संगठन के बड़े नेताओं को अवगत करा दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पार्टी उचित निर्णय लेगी और जो भी रिपोर्ट आयेगी उससे हाईकमान को अवगत कराया जायेगा।

#### निर्दोष पर नहीं होगी कोई कार्रवाई और जांच होगी निष्पक्ष : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। खोड़ा थाने में दो भाजपाईयों के बीच हाईवोल्टेज ड्रामा चला। सीन ये रहा कि संगठन से लेकर सरकार के मंत्री तक सीन में आ गये। बताते हैं कि पुलिस के पास कई पॉलिटिकल फोन भी पहुंचे। इस मामले में जब करंट क्राइम ने सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यहां स्पष्ट किया कि निर्दोश पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। पुलिस भी जांच के बाद इस मामले में एक्शन लेगी।

## एक महीने बाद भी नहीं खुल सका रहस्य

### पार्षद शीतल चौधरी को फिर मिला इंतजार का आश्वासन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस अबतक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। घटना को करीब एक महीना बीत चुका है, लेकिन एफएसएल जांच रिपोर्ट अभी भी नहीं आई है, जिसके चलते कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। शनिवार को पार्षद शीतल चौधरी अपने पति के साथ एसीपी कविनगर सूर्यबलि मौर्या से मिलने पहुंचीं, जहां उन्होंने मामले की प्रगति के बारे में जानकारी मांगी। पुलिस की ओर से उन्हें एक बार फिर सोमवार तक इंतजार करने का आश्वासन दिया गया।

#### सोमवार पर टिकी निगाहें

**करंट क्राइम :** लगभग एक महीने बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ने से पीड़ित पक्ष निराश है। पार्षद चौधरी का कहना है कि हमलावर खुले घूम रहे हैं और हम सिर्फ तारीखें और भरोसे सुन रहे हैं। अब देखना होगा कि सोमवार को पुलिस की ओर से क्या अपडेट सामने आता है और क्या जांच की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाता है।

#### एफएसएल रिपोर्ट में देरी, जांच अधर में

**करंट क्राइम :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, एफएसएल रिपोर्ट में देरी की वजह से तकनीकी और फॉरेंसिक साक्ष्य स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। गाड़ी में गोली लगने के निशान और टूटी खिड़की मिलने का दावा किया गया था, लेकिन अब तक पुलिस न तो कोई ठोस सबूत जुटा पाई है और न ही किसी संदिग्ध की पहचान हो पाई है।



#### अधिकारियों के चक्कर लगा रही हैं पार्षद

**करंट क्राइम :** घटना के बाद से शीतल चौधरी कई बार पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एसीपी, थानाध्यक्ष और जांच अधिकारी से मुलाकात कर चुकी हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। मामले में सुरक्षा प्रदान किए जाने के बावजूद जांच की रफ्तार बेहद धीमी बताई जा रही है। इस मामले को लेकर नगर निगम पार्षदों का एक दल भी पुलिस कमिश्नर से मिल चुका है। उन्होंने जल्द कार्रवाई करने की मांग रखी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



# लगभग 15 साल बाद कब्जा मुक्त हुआ सामुदायिक भवन, महापौर की सख्त कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : अर्थला स्थित उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के लिवलिहूड सेंटर पर करीब 15 वर्षों से चले आ रहे कब्जे को महापौर सुनीता दयाल ने कार्रवाई करते हुए खाली करा दिया। यह भवन सूडा विभाग द्वारा वर्ष 2008 में लगभग 3000 वर्गमीटर भूमि पर बनाया गया था, लेकिन लंबे समय से दबंगों के कब्जे में था।

### पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने संभाला मोर्चा

**करंट क्राइम** : महापौर सुनीता दयाल ने डीसीपी ट्रांस हिण्डन, नगर निगम संपत्ति विभाग और ईटीएफ टीम को मौके पर भेजने के निर्देश दिए। निर्धारित समय पर पुलिस बल और निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे और कब्जा हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान भवन में आयोजित होने वाली एक बेटी की शादी के लिए परिजनों ने कार्यक्रम होने तक ताला न लगाने की अनुरोध किया। मानवता दिखाते हुए महापौर ने शादी संपन्न होने तक अनुमति दी। विवाह के बाद शनिवार को भवन पर विभागीय ताला लगा दिया गया।

### शिकायत पर एक्शन में आईं महापौर



**करंट क्राइम** : एक दिन पूर्व गीता नामक शिकायतकर्ता ने महापौर को बताया था कि सामुदायिक भवन (लिवलिहूड सेंटर) को चलाने की अनुमति तो दी गई थी, लेकिन कुछ लोगों ने कब्जा जमा रखा है। शिकायत सुनने के बाद महापौर ने योजना से जुड़े अधिकारियों से जानकारी ली। सूडा परियोजना प्रभारी अर्चना ने बताया कि भवन पर कई वर्षों से अवैध कब्जा है और इसे खाली कराने के लिए बार-बार पुलिस को पत्र लिखा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### माफिया पर होगी कार्रवाई : महापौर

**करंट क्राइम** : महापौर सुनीता दयाल ने अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि वर्षों से लंबित यह कार्य महापौर के हस्तक्षेप से एक दिन में पूरा हुआ।
महापौर सुनीता दयाल ने कहा पूर्व सरकारों में बने कई सामुदायिक भवन और सार्वजनिक सुविधाएं उपयोग में नहीं लाई गईं, जिस कारण माफियाओं ने कब्जा जमा लिया। जनता के धन से बने ऐसे भवनों का असली उपयोग जनता के लिए होना चाहिए। उन्होंने बताया कि नंदग्राम का सामुदायिक भवन भी इसी तरह कब्जा मुक्त कराकर नगर निगम के नियंत्रण में लाया गया था। अब जल्द ही यह भवन स्थानीय नागरिकों के उपयोग में लाया जाएगा और विभाग इसके संरक्षण की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा।

# श्वान बंध्याकरण अभियान को मिली रफ्तार

## प्रति माह 1500 से अधिक डॉग्स का स्टेरलाइजेशन

### तीन एबीसी सेंटर मॉडल पर काम, डॉग रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने का निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में संचालित दो एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटरों के माध्यम से श्वानों के स्टेरलाइजेशन कार्य में तेजी लाई गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत प्रति माह 1500 से अधिक डॉग्स का स्टेरलाइजेशन और एंटी रेबीज वैक्सीनेशन किया जा रहा है, जिससे शहरवासियों को काफी राहत मिल रही है। पहले केवल नंदी पार्क स्थित एबीसी सेंटर से हर महीने औसतन 500-600 कुत्तों का बंध्याकरण किया जाता था, लेकिन पुराना बस अड्डा क्षेत्र में दूसरा सेंटर शुरू होने के बाद यह संख्या बढ़कर 1500 के पार पहुंच गई है। नगर निगम जल्द ही तीसरा एबीसी सेंटर सिद्धार्थ विहार में शुरू करने जा रहा है, जिसके बाद प्रति माह 2500 से अधिक श्वानों का स्टेरलाइजेशन संभव होगा। इस कार्य की मॉनिटरिंग उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कर रहे हैं।

### डॉग्स के रजिस्ट्रेशन का अभियान होगा तेज



**करंट क्राइम** : डॉग रजिस्ट्रेशन अभियान भी तेजी पर शहर में श्वानों का ऑनलाइन व घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसके लिए निगम की टीम सोसायटियों में जाकर अभियान चला रही है। निगम द्वारा 311 एप के माध्यम से आसान ऑनलाइन डॉग रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध है, जिसका लोग लाभ उठा रहे हैं। नगर आयुक्त ने श्वान पालकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। लोग कॉल करके स्टेरलाइजेशन बुकिंग करवा सकते हैं। वहीं डॉग स्टेरलाइजेशन के लिए नागरिक सीधे कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। 91 96509 34500

### इन सोसायटियों में चला अभियान



**करंट क्राइम** : नगर निगम के अधिकारियों ने बताया है कि नवंबर माह से कई सोसायटियों में डॉग रजिस्ट्रेशन और वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया है। जिसमें साया गोल्ड इंदिरापुरम, क्लाउड 9 इंदिरापुरम, शिप्रा सनसिटी, ऑफीसर सिटी, 7 क्रॉसिंग रिपब्लिक, इनकी मॉनिटरिंग डॉ. आशीष त्रिपाठी द्वारा की जा रही है। क्षेत्रीय पार्षदों और एओए पदाधिकारियों का सहयोग भी मिल रहा है।

### रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर सख्ती

**करंट क्राइम** : नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि डॉग रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। नियमों का पालन न करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि यह अभियान शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और पशु कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है तथा सभी नागरिकों से इस प्रयास में सहयोग की अपील की।

# यातायात जागरूकता सप्ताह

## एसीपी वेव सिटी ने छात्रों को दिए सुरक्षा के गुर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत थाना वेव सिटी पुलिस ने जिज्ञासा पब्लिक स्कूल में छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट और नियमों का पालन दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण है। पुलिस टीम ने छात्रों को तेज गति, नशे में वाहन चलाने और मोबाइल के उपयोग के खतरे बताए। कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र और अभिभावकों ने हिस्सा लिया। पुलिस का कहना है कि बच्चों में जागरूकता ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था की मजबूत नींव है।

# ठंड के मौसम को देखते हुए गौशाला में तिरपाल और अलाव की होगी व्यवस्था

### अधिकारी करेंगे मॉनेटरिंग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : ठंड के मौसम को देखते हुए नगर निगम ने नंदी पार्क गौशाला में सुरक्षा और देखभाल के विशेष प्रबंध किए हैं। ठंड से गौवंश प्रभावित न हों, इसके लिए गौशाला में तिरपाल लगवाए गए हैं ताकि तेज हवा और ठंड से उन्हें बचाया जा सके। नगर निगम की ओर से गौशाला में सुबह और शाम अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही गोवंशों के आहार में गुड़ की मात्रा बढ़ा दी गई है, ताकि ठंड में उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रहे। उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर ठंड की शुरूआत में ही तिरपाल लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया था। गौशाला में मौजूद छोटे बछड़ों और बछियों को झूल पहनाए जा रहे हैं ताकि वे ठंड से सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा गोवंशों की देखभाल करने वाली टीम को भी कंबल वितरित किए गए हैं और गौशाला परिसर में हीटर लगाए गए हैं। नगर आयुक्त ने निराश्रित गोवंशों को गौशाला में आश्रय देने के अभियान को तेज करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम का कहना है कि शहर में निराश्रित पशुओं और गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# एसीपी नंदग्राम ने फूल देकर दिया यातायात जागरूकता का संदेश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : यातायात माह-2025 के तहत राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर डिजिटल वालंटियर फोर्स (डीवीएफ) और यातायात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल और फ्रूटी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, यातायात नियम पालन करें, जीवन को सुरक्षित बनाएं। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त सूर्यबली मौर्य, इंडियन रेड क्रॉस के सभापति सुभाष गुप्ता, थाना प्रभारी नंदग्राम उमेश कुमार, एवं यातायात निरीक्षक जेएस. पाठक भी मौजूद रहे। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा।

# बुजुर्ग की हत्या के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार, तीन अब भी फरार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : थाना मोदीनगर पुलिस ने मारपीट के दौरान एक बुजुर्ग की मौत के मामले में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 11 नवंबर को पीड़ित दीपक कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर उनके पिता नैन सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी थी। घटना में गंभीर रूप से घायल नैन सिंह का इलाज के दौरान 20 नवंबर को निधन हो गया।

हत्या की पुष्टि होने पर मामले में धारा 105 बी.एन.ए. जोड़ी गई और पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बबलू (47), रिंकू (29), अमित (29) और विशाल (28) के रूप में की है, जो सभी ग्राम ईकरी, थाना मोदीनगर क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने विवाद के चलते आवेश में आकर मारपीट करने की बात स्वीकार की है। एसीपी के अनुसार मामले में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित तीन आरोपी–रोकी, अंकित और रवि–अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# आरएसएस के 100 वर्ष होने के उपलक्ष में सप्तशक्ति संगम का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा पूरे भारत में चल रहे 22000 विद्यालयों ने 30000 सप्त शक्ति संगम मातृशक्ति सम्मलेन का आयोजन करने का महा अभियान लिया है।

वर्तमान वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 पूरे कर रहा है। इसी उपलक्ष्य में समाज की माता बहिनों के लिए विद्यालय में हेमराज टाह सरस्वती विद्यालय में शनिवार को सप्त शक्ति संगम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 500 माता-बहनों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी माता बहनों ने कुटुम्ब व्यवस्था एवं पर्यावरण के प्रति मातृशक्ति में भारतीय दृष्टि, भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, बच्चों के समग्र संस्कारवान विकास में माता-बहिनों की भूमिका तथा मातृशक्ति में आत्मगौरव को बढ़ाने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का दृढ संकल्प लिया।

इस ह्लसप्त शक्ति संगमह्व कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने वीर बलिदानी जितेंद्र शिशोदिया के परिवार को भी सम्मानित किया। वीर बलिदानी जितेंद्र शिशोदिया पुत्र श्री चरण सिंह शिशोदिया निवासी, ग्राम सोलाना, जिला हापुड़ ने जनवरी 2014 से नवंबर 2017 तक 21, राजपूताना राइफल्स, भारतीय थल सेना में अपनी सेवाएं दी और दिनांक 21 नवंबर 2017 को पंचगांव कुपवाड़ा, जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे।

इस सप्त शक्ति कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य तथा अखिल भारतीय बालिका शिक्षा संयोजिका रेखा चूड़ा समा उपस्थित रही। रेखा चूड़ा समा कहा कि भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भ्रमण, भवन ये सभी अपनी भारतीय परंपरा के साथ होना चाहिए। स्त्रियों के सात गुणों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि कीर्ति, श्री, वाक ,स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा को अपनाये रखे। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में गाजियाबाद महापौर सुनीता दयाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्या भारतीय प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप कुमार गुप्ता, विद्या भारती क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख शिव कुमार शर्मा, प्रबंधक दीपांशु पाल, प्रबन्ध समिति सदस्य किरन मक्कड़, विद्लायल के प्रधानाचार्य विपिन राठी, शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य सुधा बाना, निठारी से प्रधानाचार्य कविता रस्तोगी, सुदीप्ता, मीनू, डॉ. सिम्मी आदि उपस्थित थी।

# केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने निटरा में मिल्कवीड की फसल का किया निरीक्षण

### केंद्रीय मंत्री ने मैनिकिन ज्वाला समाविष्ट परीक्षण उपकरण को राष्ट्र को समर्पित किया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को संजय नगर स्थित निट्रा में मिल्क्वीड की फसल का निरीक्षण किया। साथ ही देश के पहले मैनिकिन ज्वाला समाविष्ट परीक्षण उपकरण को देश और उद्योग जगत को समर्पित किया। इसकी तकनीकी को भी निट्रा ने कई नामचीन कंपनीयों को स्थानांतरित की है इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ये ना केवल निट्रा बल्कि गाजियाबाद के लिए भी गौरवशाली क्षण है।

ऑक की खेती की पूरी परियोजना डॉ एम एस परमार, महानिदेशक निट्रा के मार्गदर्शन में चल रही है और इस खेती में देश के नामचीन संस्थान भी भी योगदान दे रहे हैं। इस ऑक के फाइबर की विशेषताओं की स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सराहना कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि डॉ एम एस परमार ऑक के फाइबर के गुणों को देश के सामने पहले ही ला चुके हैं. ये रेशा अपने स्पेशल गुणों जैसे ताप रोधी, हल्का और महीन होना इत्यादि के चलते देश के लिए कितना फायदेमंद साबित हो सकता है, इसी सन्दर्भ को देखते हुए और विकसित भारत की परिकल्पना को सकार करने के लिए इस खेती को निट्रा के फील्ड्स में जांचा परखा जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ एम एस परमार ने कहा कि ऑक के पौधे को बहुत कम पानी की जरुरत पड़ती है और इसे कहीं पर भी उगाया जा सकता है। किसी तरह के खाद और कीटनाशक की जरुरत नहीं होती और एक बार बौने के बाद तकरीबन 10 साल तक इससे फाइबर प्राप्त कर सकते हैं। डॉ परमार ने बताया कि इस फसल के आंकलन में 1 से 2 साल लगेंगे. विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक समय समय पर आकर सर्वेक्षण करते हैं और रायशुमारी निट्रा के वैज्ञानिकों के साथ होती हैं।

# सपा महिला सभा ने दी मुलायम सिंह यादव को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 45 स्थित औद्योगिक एरिया साइट 2 में समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की पूर्व सदस्य राजदेवी चौधरी के नेतृत्व में महिला कार्यकताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजदेवी चौधरी ने कहा कि नेताजी की स्मृतियां हमेशा जिंदा रहेंगी। नेताजी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के तौर पर प्रदेश के विकास में और रक्षा मंत्री के तौर पर राष्ट्र की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान है।

इस मौके पर अनीता देवी, मालती चौहान, शर्मिला बेगम, ओमकार यादव, शाइस्ता खान, नूर बेगम, आदित्य पुष्पा आदि उपस्थित थी।

# डकैती का फरार आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

### कवि नगर पुलिस ने की कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन की थाना कवि नगर पुलिस ने राजनगर में डकैती के प्रयास के मामले के फरार आरोपी अमरपाल शर्मा निवासी अमरोहा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने जानकारी दी है कि आरोपी अमरपाल के आने की सूचना महत्वपूर्ण मार्ग पर पुलिस को लगी थी। जिसके बाद घेराबंदी कर पुलिस टीम जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश की बाइक गिर गई, जिसके बाद में भागने लगा, पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। साथ ही इस मामले में पुलिस अबतक कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जबकि दो आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस की गोली लगने के बाद बदमाश कराह रहा था। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार गोली मारकर बदमाशों को लंगड़ा करने का ऑपरेशन जारी है। जिसमें सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात पुलिस एक दूसरे को कंपटीशन देने का काम कर रहे हैं। इस मामले में इंस्पेक्टर कवि नगर अनुराग शर्मा ने कहा है कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए उपनिरीक्षकों की कई टीमें बनाई गई थी। साथ ही फरार आरोपियों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...








# फेसबुक पर उठा सियासी सवाल चर्चा में—नेताओं की कार्यशैली पर जनता ने खोला अनुभव, समर्थन और आलोचना का अंबार



## दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर विधायक संजीव शर्मा और अध्यक्ष मयंक गोयल के पक्ष में दिखी जबर्दस्त टीआरपी




**दैनिक करंट क्राइम** अखबार के समाचार संपादक **दीपक भाटी** द्वारा फेसबुक पर पूछे गए सवाल— 'किसी बड़े नेता ने आपका कोई काम कराया है?'— ने सोशल मीडिया पर अचानक एक बड़े जनमत-सर्वे जैसा माहौल पैदा कर गया। पोस्ट पर लगातार आती प्रतिक्रियाओं ने यह साबित कर दिया कि जनता राजनीति के इस अनकहे पहलू पर खुलकर बोलने को तैयार है। लोगों ने अपने वास्तविक अनुभव साझा किए— कहीं नेताओं की तत्परता और मदद की तारीफ हुई, तो कहीं व्यवस्था की जटिलताओं और 'सिफारिश संस्कृति' पर सीधा प्रहार। दिलचस्प बात यह रही कि प्रतिक्रियाओं में सबसे अधिक प्रशंसा भाजपा शहर विधायक संजीव शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नाम पर केंद्रित रही। शहर की जनसमस्याओं से लेकर व्यक्तिगत कार्यों तक, यूजर्स ने दोनों नेताओं की सक्रियता और सहज उपलब्धता की मिसालें पेश कीं। कई प्रतिक्रियाओं ने यह भी संकेत दिया कि इन नेताओं की सोशल मीडिया टीआरपी लगातार बढ़ रही है, और जनता में उनकी रीयल-टाइम कनेक्टिविटी की चर्चा और तेज हो गई है।




**भूपेन्द्र कुमार सेन**
हाँ जी, पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।

**नितिन त्यागी**
आशु मलिक काम करने के लिए जाने जाते हैं उनका आभार।

**गौरव बख्शी**
बड़े भाई विधायक संजीव शर्मा 24 घंटे काम के तैयार रहते हैं।

**हरेन्द्र यादव**
बड़े भैया संजीव शर्मा जी ने मेरे सभी काम करवाए हैं। जिंदाबाद।

**मुरारी साहू**
बिल्कुल बड़े भैया संजीव शर्मा जी ने करवाया।

**रीशू मल्होत्रा**
मयंक गोयल ने कैंसर में मेरा सहारा लगाया। उनका जितना भी आभार व्यक्त करूं, उतना ही कम है।

**बलराम रावल**
महानगर अध्यक्ष जी श्री मयंक गोयल जी द्वारा हर कार्यकर्ता और जनता की समस्या देखते हुए हर तरह के जनकल्याण के कार्य किए गए हैं। श्री मयंक गोयल जी के पास जो भी आया वह खाली नहीं गया।

**हिमांशु लव**
बड़े नेता काम नहीं करते अपने आगे पीछे घुमाते हैं। काम कराने में तो हर व्यक्ति स्वयं सक्षम होता है क्यों कि काम तो रिश्वत खर्च करने से होता है और आज के समय में तीन गुना।

**मलिका सक्सैना**
नहीं करवाना

**सुभम गर्ग**
महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी द्वारा बहुत सारे कार्य कराये गये हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही मेरे जान पहचान वालों के लिए जी॰ टी॰ बी॰ हॉस्पिटल म डॉक्टर से बात की थी और वो भाई अब बिलकुल स्वस्थ है।

**विनित त्यागी**
ना ही में गांव का प्रधान हूं ना ही मेरे पास कोई वोट बैंक है। बस मेरे पास है ( लगभग 15 साल पुराना बड़े भैया अजीत पाल त्यागी का प्यार) कम से कम 7,8 सड़कें मेरे गांव में मेरे कहने पर बड़े भैया माननीय श्री अजीत पाल त्यागी बनवा चुके हैं और अभी हाल ही में 15 दिन पहले मेरे गांव में जंगल में कहीं पर भी एक ईंट नहीं लगी थी। मेरे ट्यूबवेल के रास्ते पर 500 मी खड़ंजा लगवाया है।

**राम त्यागी**
मेरे खुद के डेढ़ सौ सम्मानित लोग जानने वाले हैं किसी को ब्लड की आवश्यकता थी कोई कैंसर से पीड़ित था किसी का जमीन का विवाद किसी का घर का लेंटर था तो वह कार्य श्री मयंक गोयल जी द्वारा किए गए।

**राजेश जी महाराज**
वरूण पंडित सैहरा
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी द्वारा हर कार्यकर्ता और जनता की समस्या देखते हुए हर तरह के जनकल्याण के कार्य किए गए हैं। मेरे अपने समाज के बच्चों के एडमिशन कराए है और आदि रात में फोन उठाकर चौकी थाने में मदद करने वाले हमारे ऐसे नेता है श्री मयंक गोयल जी ।

**डब्बी प्रमुख**
हमारे काम तो मा॰ मोदी जी व मा॰ राजनाथ सिंह जी मा॰ अमित शाह जी और योगी जी ने बहुत किए है और जितने भी भाजपा प्रतिनिधि सब ही कर रहे हैं। मोदी जी देश कल्याण में बहुत काम कर रहे हैं देश को एक अलग पहचान बना दी। मा॰ राजनाथ सिंह जी देश डिफेंस में सफल ऑपरेशन सिंदूर युवाओं को नई बढ़ोतरी दी। मा॰ अमित शाह जी देश पुलिस व्यवस्था अच्छी है जंगलराज नहीं है। योगी जी के लिए आपको पता है भू माफिया पर बुलडोजर लव यू बुलडोजर बाबा ।

**संजय शर्मा**
जब धरातल पर देवतुल्य कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम करता है तभी उनमें से नेता बनते हैं इसलिए नेताओं को भी सभी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान दिल से करना चाहिए, न की कोई भेदभाव करके कि यह मेरा आदमी है या दूसरे का है। संगठन को भी यह बात नेताओं को समझानी चाहिए यह मेरा उन सभी नेताओं से अनुरोध और सुझाव है।

**ठाकुर प्रिंस राठौर**
महानगर अध्यक्ष जी श्री मयंक गोयल जी द्वारा हर कार्यकर्ता और जनता की समस्या देखते हुए हर तरह के जनकल्याण के कार्य किए गए हैं। श्री मयंक गोयल जी के पास जो भी आया वह खाली नहीं गया।

**आशीष चाँदीवाल**
हमने एक ऐसा व्यक्तित्व देखा है वार्ड 46 से जिसने किसी भी तरह के सरकारी ओर गैरसरकारी ओर किसी भी संवैधानिक पद पर न होते हुए भी वार्ड मैं निस्वार्थ काम किया है इस तरह के लोगों को भी आप प्रमोट करे तो उनका उत्साहवर्धन होगा।

**अनुपम शर्मा**
संजीव शर्मा जी जैसा विधायक तो शहर विधानसभा के लिए सौभाग्य की बात है उनके यहां प्रतिदिन जनता दरबार लगता है सब की समस्या सुनी जाती हैं सबका समाधान होता है सदैव सबके सुख-दुख में खड़े रहते हैं।

**कंवर पाल सिंह चौधरी**
वैसे तो मेरा कोई स्पेशल कार्य नहीं पड़ा ,लेकिन जब भी कोई समस्या आई ,सारा संगठन मेरे और मेरे परिवार के साथ खड़ा मिला, मैं अपने संगठन और साथियों से पूणत : संतुष्ट हूं।

**तुषार मित्तल तनु**
माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग जी और उनके प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल जी विधायक श्री संजीव शर्मा जी सदैव सुख दुख ,छोटी बड़ी कैसी भी समस्या में मेरी ही नहीं अपितु परिचितों के भी हमेशा काम आए हैं और आते भी रहेंगे।

**आयुश कौशिक**
नाम बताने की जरूरत नहीं है, गाजियाबाद की जनता ही सबसे बड़ा सबूत है। श्री मयंक गोयल जी जैसे कर्मशील महानगर अध्यक्ष ने कभी बड़े नाम देखकर काम नहीं किया। उन्होंने हर आम कार्यकर्ता और आम नागरिक का साथ दिया है। आज तक जिसने भी दरवाजा खटखटाया खाली नहीं लौटा।

**पवन शर्मा**
माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग जी और माननीय विधायक श्री संजीव शर्मा जी सदैव सुख दुख में खड़े रहते हैं।

**बाबा खान**
पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा जी हमारे बहुत काम कराये हैं उनजेसा विधायक ही शायद कोई हो।

**सुनील कुमार**
श्री मान मयंक गोयल जी ने एक बार रात 12 :30 बजे मेरी गाड़ी को छुड़वाकर मदद की थी। उनका बहुत-बहुत आभार।

**उदित त्यागी**
मेयर साहब जिंदाबाद। वही हैं दुखियों का सहारा। मेयर साहब जिंदाबाद।

**विशाल मंढोत्रा**
केवल नीरज सिंह जी। वही जनमानस की तकलीफ समझते हैं।

**भूषण शर्मा**
मेरा कार्य करवाया संजीव शर्मा ने। विधायक जी बहुत ही अच्छे हैं, काम भी आते हैं।

**जब्बर मलिक**
सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हाजी राशिद मलिक ने हमारे बहुत काम कराये हैं।

**विकास महरोटा**
जब सब जानते हो तो पूछना क्यों? सभी जानते हैं नेताओं की हकीकत।

**पंकज शर्मा**
मात्र आश्वासन मिलता कार्य कुछ नहीं होता। यही है आज का नेतातंत्र।

**एडवोकेट विपिन सैनी**
सब अपने अंक बढ़ाने चाहते हैं सही पूछो तो सामने पूछो।

**सुमित**
कोई कम नहीं आता सब चापलूसी की राजनीति है। तब मुसीबत आती है तो अपने भाई परिवार ही काम आते हैं सिर्फ।

**डॉ. राजीव त्यागी 'राज'**
जी हां आदरणीय श्री बलदेव राज शर्मा और अजीत पाल त्यागी जी हमेशा इनका आभारी रहूंगा।

**मोहम्मद असलम कुरैशी**
आदरणीय संजय यादव जी पूर्व महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मेरा राजनीतिक कैरियर में सिर्फ उन्होंने ही द्वारा मेरा काम हुआ इसके अलावा मुझे राजनीति में एक काम तेजपाल प्रमुख जी ने मेरा कार्य कराया मैं उनका आभारी हूं।

**अशोक गोयल**
सब अच्छे हैं।

**मीना कौशिक**
कभी नहीं.... वह बड़ा नेता ही क्या जो काम कर दे बड़े नेता के पास समय नहीं होता... अगर वह ऐसे काम करने लगे तो पूरी दुनिया उनके दरवाजे पर ही बैठी रहेगी।

**रंजना अग्रवाल**
नेता बस नेताओं का काम करते...इसलिए लोगों को कोई खास फर्क नहीं पड़ता कौन किया है..पार्टी को वोट करते अब लोग नेता कोई भी हो।

**हरीश कुमार गौर**
हमारे आदरणीय बड़े भाई संजीव शर्मा जी शहर विधायक इनके पास कोई भी व्यक्ति किसी भी काम से जाता है अगर वह काम संवैधानिक है तो जरूर होता है।

**चंद्रांशु त्यागी**
हम आज तक काम कराने के लिए किसी नेता के पास गए ही नहीं। जाओ तो पूछते हैं आपने पार्टी के लिए क्या किया।

**नरेश कश्यप**
दीपक भाई जी हमें किसी नेता से कोई वास्ता पड़ा ही नहीं। ईश्वर करे ऐसा ही हमेशा चलता रहे।

**अमित शर्मा**
मयंक गोयल जी भाई साहब ने एएसपी से बात कर मुझे न्याय दिलाया।

**रिंकी गुप्ता**
मयंक जी भाई साहब बढ़ चढ़कर वैश्य समाज के साथ साथ सभी का साथ देते है। उनका सदैव धन्यवाद।

**प्रयम शील**
हमारे महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी एक ऐसा व्यक्तित्व है जो मैंने देखा है। हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के लिए खड़े रहते हैं। मेरा काम जो बहुत मेरे लिए जरूरी था उन्होंने एक बार कहने पर ही कर दिया और बाद में लगातार फॉलोअप करते रहे जब तक पूरा नहीं हुआ। नेता हो तो मयंक गोयल जी जैसा हो। जय हो।

**रूपांशी जयसवाल**
श्री मयंक गोयल जी ने महिला सुरक्षा को हमेशा अपनी प्राथमिकता में रखा है। उन्होंने हर समय महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए मजबूती से कदम उठाए हैं। उनका यह प्रयास वाकई सराहनीय और प्रशंसनीय है।

**सीमा त्रीपाठी**
श्री मयंक गोयल जी जैसे कर्मशील महानगर अध्यक्ष ने हर आम कार्यकर्ता और आम नागरिक का साथ दिया है। उनका कार्य सराहनीय है।

**राजपूत अर्णव**
मेरे तो हर तरह के काम आदरणीय मयंक गोयल अध्यक्ष जी ने ही कराए हैं।

**राजकिशोर शर्मा ज्योतिर्विद**
ईश्वर न करे, इनसे कोई काम पड़े!!

**विक्की जीतू**
मयंक जी भाई साहब ने मेरे ऊपर बिना वजह की मुकदमा लगा हुआ था उसके लिए एसपी को फोन करके मेरी पूरी मदद की।

**यादव विजय**
मैंने तो यह देखा है भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए मयंक जी भाई साहब हमेशा किसी भी टाइम हमेशा खड़े रहते हैं।

**आशु ललवान**
आदरणीय श्री मयंक गोयल जी जिंदाबाद मयंक गोयल जी ने हमारा एक काम ऐसा कराया जो कोई नहीं कर पाया उन्होंने हमारे भतीजे और भतीजी का एडमिशन केंद्रीय विद्यालय में कराया।

**राज गुप्ता**
मयंक गोयल जी ने बहुत बढ़िया काम किया है।

**शुभ्रा पांडे**
महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाना मयंक गोयल जी की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**केशव झा**
पंडित गुंजन शर्मा जी महानगर मंत्री भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद ने काफी महत्वपूर्ण कार्यों को करवाया है।

**निमिषा अंकुर अग्रवाल**
समस्या हो या समाधान, मयंक गोयल जी सबसे पहले पहुंचते हैं और सबकी सुनते हैं।

**दीपक मिश्रा**
हां करोना काल में सुनील शर्मा जी ने भी काम किया था।

**कट्टर हिन्दु**
गाजियाबाद में एक ही नेता है जो रात को 2 :00 बजे भी फोन रिसीव करते हैं ऐसे नेता है हमारे श्री मयंक गोयल जी जिन्होंने मेरी एक्सीडेंट में मदद की थी।

**हर्ष त्यागी**
गाजियाबाद के कर्मठ नेता श्रीमान मयंक गोयल जी द्वारा मेरी बहन का इलाज में एक बार ढाई लाख रुपए का बिल बना था अस्पताल में जिसमें 50000 रुपए कम कराने का काम मयंक गोयल जी ने किया।

**सौरभ चौहान**
श्री मयंक गोयल जी ने मेरे छोटे भाई को कोरोना में अस्पताल में एडमिट करने की सहायता की।

**श्याम गुप्ता**
एक बार मैं मंडावली से आ रहा था रास्ते में एक कार वाले ने ओवरटेक करने के चक्कर में पुलिस केस हो गया। पुलिस वाले सुन ही नहीं रहे थे मुझे दो-तीन घंटे से बैठ कर रख रखा था फिर मैं अपने दोस्त को कॉल किया उसने मयंक जी का नंबर दिया उनको मैंने सारी बात बताई उनके फोन करने से मुझे छोड़ दिया।

**जितेन्द्र कश्यप**
हमने अपने उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, और माननीय सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार बड़े भाई रमेश गौड़ कश्यप जी से अनेको कार्य निस्वार्थ भाव से और सफल कराए हैं!

**विनीत दिनकरपुरिया**
लगता है वर्तमान महानगर अध्यक्ष जी से आप वाकिफ नहीं है ये जितने प्यार और सम्मान से वो जनता जनार्दन से मिलते है पूरे गाजियाबाद मैं ऐसा कोई नेता नहीं सलाम है संगठन को ऐसे महानगर अध्यक्ष देने के लिए।

**अमन शुक्ला**
जिला अध्यक्ष मयंक गोयल जी के पास जो आता है वो खाली हाथ वापस नहीं जाता मयंक गोयल।

**सुनील दिसवार**
महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी ने हमारे एक जानकार का मामला हल कराया। आप का बहुत बहुत धन्यावाद।

**विपुल सिंह**
बड़ा नेता तो कभी नहीं। आज तक तो जो भी सपोर्ट रहा वो देवेंद्र यादव जी का ही था है पारिवारिक कामों में भैया जी।

**पूजा सैनी**
मयंक गोयल जी भाई साहब ने किसी वकील ने मुझ पर गलत मुकदमा लगवा कर मेरे ऊपर फिर कार्रवाई उसके लिए मेरे आदरणीय मयंक गोयल जी भाई साहब ने एएसपी से बात कर मुझे न्याय दिलाया।

**रजनीश पंडित**
संजीव भइया जैसे विधायक होना चाहिए जो बिना कहे ही जन समस्याओं का निपटारा करा रहे हैं। भैया जिंदाबाद।

**इंदू तोमर**
बड़े नेता बनने के बाद बिजी हो जाते हैं टाईम नहीं होता। जाओ तो पहचानते भी नहीं हैं। पूछेंगे पार्टी से जुड़े हो या नहीं।

**तनुज गंभीर**
कभी किसी नेता की आवश्यकता ही न पड़ी। अपने में ही सक्षम हैं काम करवाने में।

**किरण सिंह**
काम सुना जरूर है पर कराया नहीं है। बस लगाते रहो चक्कर।

**पंकज शर्मा**
कोई नहीं कराता बड़ा नेता हो या छोटा। सब अपने-अपने में मस्त हैं।

**हरी ओम गुप्ता**
बड़ा नेता कौन नाम बताएं। नेता कोई बड़ा नहीं होता, उसके कर्म बड़े होते हैं।

**चौधरी उदयवीर सिंह**
बड़े नेताओं के बिना कोई काम होता ही नहीं, काम तो सबका करते ही है बड़े नेता।

**किरणपाल मावी**
अपने तो दो ही नेता भाई। संजीव शर्मा जी और महामंत्री पप्पू पहलवान जी।

**मुदित अग्रवाल**
मंत्री तो दूर की बात है आज कल मंत्री बनने की राह पर चल रहे लोग ही सातवें आसमान पर हैं।

**सरफराज खान**
जी हां हमारा करवाया है, विधायक अजीतपाल जी ने। मैं सदैव उनका अभारी रहूंगा।

## संपादकीय

# इसरो की दीर्घकालिक रणनीति का संकेत

इसरो की अगले तीन वर्षों में अंतरिक्ष यान निर्माण क्षमता को तीन गुना करने की तैयारी मात्र तकनीकी विस्तार नहीं, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की दीर्घकालिक रणनीति का संकेत भी है। साफ है कि इसरो मात्र प्रक्षेपण सेवा प्रदाता या वैज्ञानिक मिशनों तक सीमित नहीं रहना चाहता, वह वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में एक निर्णायक खिलाड़ी बनना चाहता है। वर्तमान में इसरो की क्षमता अवसंरचना और अल्प प्रक्षेपण अवसरों के चलते सीमित है।

एक साथ कई वैज्ञानिक और वाणिज्यिक मिशनों को संभालने में इससे दिक्कत होती है। क्षमता को तीन गुना करना वैज्ञानिक अभियानों की गति बढ़ाने के साथ वैश्विक बाजार के वाणिज्यिक अवसरों को भी भुनाने में मददगार होगा। यह भविष्य में इसरो को मिशनों के ओवरलैप के दबाव से मुक्त करेगा और निजी उद्योगों तथा नई अंतरिक्ष कंपनियों को भी बड़े पैमाने पर जोड़ेगा। वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी अभी लगभग दो प्रतिशत है, जिसे 2030 तक बढ़ाकर आठ प्रतिशत करने का लक्ष्य है। क्षमता विस्तार, उद्योग साझेदारी, तेज प्रक्षेपण चक्र और सस्ते, लेकिन भरोसेमंद मिशनों से इसरो इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंच सकता है। भारत की कम लागत वाली तकनीक और बढ़ती विश्वसनीयता विदेशी ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रही है। इसरो जिन कार्यक्रमों पर काम कर रहा है, वे अभूतपूर्व हैं-चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ का अध्ययन करने वाला जापान-भारत संयुक्त मिशन ह्यलूपेक्सह्न, 2028 के लिए निर्धारित चंद्रयान-4, भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित पहला पूरी तरह स्वदेशी पीएसएलवी और भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन के पहले मॉड्यूल की तैयारी। इनमें से हर एक परियोजना न केवल तकनीकी क्षमता बढ़ाने के साथ इसरो की वैश्विक विश्वसनीयता को नई ऊंचाई देगी।

भारतीय निजी उद्योग निर्मित पीएसएलवी अंतरिक्ष क्षेत्र में ठीक उसी तरह भागीदार बनेगा-जैसे अमेरिका में स्पेसएक्स और अन्य निजी कंपनियां नासा के लिए सहायक हैं। इससे न केवल प्रक्षेपण क्षमता बढ़ेगी, बल्कि एक विशाल घरेलू अंतरिक्ष पारिस्थितिकी भी बनेगी। चूंकि इसरो अब अधिकांश, परियोजनाओं को अलग-अलग समर्पित केंद्रों और उद्योग भागीदारी के साथ आगे बढ़ा रहा है इसलिए उसके चलते दूसरे अभियानों में विलंब की आशंका कम है। हालांकि मानवीय उड़ान मिशन बेहद जटिल होते हैं और सुरक्षा के मानक सर्वोपरि रहते हैं, इसलिए समय में नैसर्गिक बदलाव असामान्य नहीं होगा।

भारत का प्रस्तावित अंतरिक्ष स्टेशन, जिसके पांच मॉड्यूल 2035 तक कक्षा में स्थापित होने की योजना है, राष्ट्रीय अंतरिक्ष शक्ति के विकास का निर्णायक कदम होगा। पहला मॉड्यूल 2028 तक बन पाने की संभावना मजबूत है और यह भारत को ह्ललो अर्थ ऑर्बिट रिसर्च पॉवरह्न के रूप में वैश्विक क्लब में शामिल करेगा। इन सभी उपलब्धियों और लक्ष्यों को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इसरो का भविष्य उज्ज्वल है। यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों का विस्तार नहीं, यह भारत की आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकीय नेतृत्व और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी बढ़ाने की लंबी छलांग है। इससे देश को वैज्ञानिक प्रतिष्ठा, आर्थिक अवसर, वैश्विक साझेदारियां और युवाओं के लिए नई शोध-संभावनाएं प्राप्त होंगी। इसरो की नई छलांग उसे वैश्विक अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा में बहुत आगे ले जाएगा। भारत अब अंतरिक्ष में पहुंचने की ही नहीं, बल्कि वहां अपनी ऊंची जगह बनाने की तैयारी कर चुका है।

# अनिल अंबानी को ईडी ने दिया जोरदार झटका! रिलायंस ग्रुप के खिलाफ मामले में 1,452 करोड़ रूपये की नई संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बताया कि उसने कारोबारी अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत रू 1,452 करोड़ से अधिक मूल्य की नई संपत्तियां अटैच की हैं। एजेंसी के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (ढटछअ) के तहत जारी अस्थायी आदेश में नवी मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) और मिलेनियम बिजनेस पार्क की कई इमारतें, और पुणे, चेन्नई और भुवनेश्वर में स्थित प्लॉट और इमारतें शामिल हैं।

### पहले भी रू7,500 करोड़ की संपत्तियां हुई हैं कुर्क

पीटीआई की खबर के मुताबिक, ईडी ने बताया कि ये संपत्तियां, जिनकी कीमत रू 1,452.51 करोड़ आंकी गई है, रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) और उसकी संबद्ध कंपनियों की हैं। इससे पहले भी ईडी इस मामले में रू 7,500 करोड़ की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। यह पूरा मामला कथित बैंक लोन धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय



अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। ग्रुप के सूत्रों ने पहले बताया था कि डीएकेसी, आरकॉम की संपत्ति है और कंपनी पिछले छह वर्षों से दिवालियापन प्रक्रिया (इन्सॉल्वेंसी) में है। इस नई कार्रवाई के बाद रिलायंस ग्रुप के खिलाफ ईडी द्वारा अटैच की गई कुल संपत्तियों का आंकड़ा बढ़कर रू 8,997 करोड़ हो गया है।

ईडी का आरोप है कि 2010 से 2012 के बीच आरकॉम और उसकी समूह कंपनियों ने देशी और विदेशी बैंकों से बड़ी मात्रा में लोन लिए, जिनमें कुल रू 40,185 करोड़ का बकाया था। ईडी के मुताबिक, नौ बैंकों ने इन लोन खातों को फ्रॉड घोषित किया है। एक कंपनी द्वारा एक बैंक से लिया गया लोन दूसरी कंपनियों के लोन चुकाने, संबंधित पार्टियों को ट्रांसफर करने और म्यूचुअल फंड में निवेश करने में इस्तेमाल किया गया, जो लोन की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### बिल डिस्काउंटिंग का बड़े स्तर पर दुरुपयोग

जांच में आगे सामने आया कि रू13,600 करोड़ से अधिक राशि लोन की एवरग्रीनिंग (पुराने कर्ज छिपाने) में उपयोग की गई। रू 12,600 करोड़ संबंधित कंपनियों को ट्रांसफर किए गए और रू 1,800 करोड़ से अधिक फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए, जिन्हें बाद में समूह की कंपनियों में री-रूट किया गया। एजेंसी ने यह भी कहा कि बिल डिस्काउंटिंग का बड़े स्तर पर दुरुपयोग कर फंड्स को संबंधित इकाइयों तक पहुंचाया गया। साथ ही, कुछ लोन राशि को विदेशों में भेजी गई रेमिटेंस के जरिए बाहर साइफन किया गया।

हालांकि, इस खबर को लेकर रिलायंस ग्रुप ने गुरुवार को स्पष्ट किया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क की गई सभी संपत्तियां रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) की हैं, जो वर्ष 2019 से ही रिलायंस ग्रुप का हिस्सा नहीं रही है।

# दो दोस्तों का पुणे सफर, एक शादी और बदलते दौर की सच्चाई -रविन्द्र त्यागी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैं और मेरे मित्र प्रवीण त्यागी पुणे के लिए रवाना हैं। हम अपने अत्यंत सम्मानित और प्रिय मित्र, पुणे के जाने-माने बड़े बिल्डर राजीव त्यागी की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। राजीव भाई बेहद सरल, सज्जन और दिल के साफ इंसान हैं। उड़ान में बैठे-बैठे मन में अचानक ख्याल आया-क्यों न उन बदलती शादियों पर बात की जाए जिन्हें हमने सालों के दौरान बिल्कुल सामने से बदलते हुए देखा है? हमने वह दौर देखा है जब शादी केवल एक आयोजन नहीं होती थी, बल्कि पूरे परिवार और समाज की भावनाओं का मिलन हुआ करती थी।

न केटरिंग, न वेटर... हर काम रिश्तेदारों, पड़ोसियों और मित्रों की हंसी-ठिठोली में पूरा होता था। ऐसे मौके पर वर्षों से रूठे लोग भी एक-दूसरे को मनाकर गले लगा लेते थे। शादी वह शुभ अवसर थी जहां टूटे रिश्ते फिर से जुड़ जाते थे।

कन्यादान उस समय सिर्फ एक रस्म नहीं था-यह परिवारों के बीच आर्थिक सहयोग की संरचना थी। कौन कितना कन्यादान देता है, यह बही-खाते में दर्ज किया जाता था और आगे किसी और की बेटी की शादी में उससे अधिक देने का प्रयास किया जाता था। गाँव भर से खाटें, बिस्तर, बर्तन और आवश्यक सामान इकठ्ठा होता था। मेहमान आते तो दो-दो, तीन-तीन दिन रुकते। बारात गीत-संगीत, हंसी-मजाक और सामूहिक उत्साह के बीच दो दिनों तक चलती थी।

वह दौर था- सादगी + अपनापन + सामूहिकता + भावनाओं की सच्ची गर्माहट। और अब? अब शादियाँ अपनापन कम और प्रदर्शन अधिक बनती जा रही हैं। कितना खर्च हुआ, कितने मेहमान आए, कितने बड़े नेता पहुंचे। यही बातें ज्यादा चर्चा में रहती हैं।

लोग अपनी क्षमता नहीं, अपनी 'हैसियत' दिखाने के लिए धन बहा रहे हैं। शादी दो आत्माओं का पवित्र बंधन कम और एक भव्य शो ज्यादा प्रतीत होने लगी है। हम पुणे की शादी अटेंड करके अगली सुबह की फ्लाइट से गाज़ियाबाद लौटकर कई कार्यक्रमों में शामिल भी होंगे। मन के कोने में एक हल्की मुस्कान के साथ सवाल उठता है- क्या हम भी कहीं सिर्फ औपचारिकता निभाने ही नहीं जा रहे? कह नहीं सकते....पर इतना जरूर है कि शादियों में दिखावे का यह उफान कब थमेगा-यह भगवान ही जाने।

दो दोस्त-
एक शादी का सफर-
और उसके पीछे छिपा बदलते समाज का सच्चा आईना।

- रवीन्द्र त्यागी
गाज़ियाबाद के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी

# एफआईआई की बिकवाली जारी है, लेकिन साथ ही ये संकेत बता रहे हैं कि रिवर्सल दिख सकता है

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में तेजी का माहौल है और शुक्रवार की प्रॉफिट बुकिंग के बावजूद बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी अपने ऑल टाइम हाई लेवल के करीब है। इस तेजी के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशक याने एफआईआई की बिकवाली जारी है। बाजार में शुक्रवार को एफआईआई ने 1766.05 करोड़ रुपए की नेट सेलिंग की। नवंबर माह में मार्केट के पॉजिटिव मूवमेंट के बावजूद एफआईआई 13,840.99 करोड़ रुपए की नेट सेलिंग कर चुके हैं। हालांकि इस डेटा में भी कुछ पॉजिटिविटी दिख रही है, क्योंकि यह सेलिंग पहले की तुलना में क्म होती जा रही है।



### एफआईआई की बिकवाली के आंकड़े में क्या दिख रहा है

नवंबर में अब तक एफआईआई की बिकवाली जारी है। साल 2025 में अब तक एफआईआई ने 1.43 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि कुछ संकेत हैं, जो बता रहे हैं कि एफआईआई का रुझान बदल सकता है। एफआईआई नवंबर में अब तक भारतीय इक्विटी में नेट सेलर्स रहे हैं, जिससे 2025 में उनकी कुल निकासी 1,43,698 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले सप्ताह खरीदारी के दौर के बीच एफआईआई ने 188 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। शुक्रवार को 1,766.05 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई।

एफआईआई के मौजूदा रुझानों पर टिप्पणी करते हुए जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि दूसरी तिमाही के बेहतर नतीजों, घटती मुद्रास्फीति और भारत अमेरिका ट्रेड डील को लेकर आशावाद के चलते इस हफ्ते विदेशी निवेशकों की बिकवाली कम हुई। उन्होंने कहा कि पूरे हफ्ते तेजी का रुझान बना रहा। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में आय में सुधार की उम्मीदों से प्रेरित एफआईआई बिकवाली में नरमी ने भी मूल्यांकन को बढ़ावा दिया। हालांकि कमजोर ग्लोबल संकेतों और भारत-अमेरिका ट्रेड डील में संभावित देरी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच शुक्रवार को बाजार में उतार-चढ़ाव रहा।

वीटी मार्केट्स के ग्लोबल स्ट्रैटेजी लीड रॉस मैक्सवेल ने ईपीएफआर आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उभरते बाजारों के फंडों में निवेश बढ़ने के बावजूद विदेशी निवेशक अभी भी भारत में पर्याप्त मात्रा में वापसी नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस माह की शुरूआत में विदेशी निवेशकों के सेंटीमेंट्स में स्पष्ट रूप से सुधार हुआ है, लेकिन फ्लो ओवर ऑल बदलाव का संकेत देने के बजाय अस्थायी बना हुआ है। अगले कुछ सप्ताहों में हम निकट अवधि के संकेतों पर नजर रख सकते हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर सकते हैं कि क्या एफआईआई अधिक मौलिक बदलाव के लिए तैयारी कर रहे हैं।

अक्टूबर में एफआईआई ने 14,610 करोड़ रुपये के घरेलू शेयर खरीदे। वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 76,619 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में विदेशी निवेशकों ने 38,673 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी। वर्ष की शुरूआत में भारी निकासी देखी गई क्योंकि जनवरी से मार्च के बीच एफआईआई ने 1,16,574 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली की।

# क्रिप्टो मार्केट में 24 घंटे में स्वाहा हो गए 17 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे उतार-चढ़ाव वाली क्रिप्टोकरेंसी मार्केट ने पिछले 24 घंटे में निवेशकों को जबरदस्त झटका दिया है। अचानक हुई भारी बिकवाली से पूरा ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट हिल गया। कई लोगों के निवेश देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह ढह गए। सिर्फ एक दिन में मार्केट से 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा गायब हो गए। यह गिरावट साफ दिखाती है कि क्रिप्टो दुनिया जितनी चमकदार दिखती है, उतनी ही जोखिम भरी भी है।



पिछले कई दिनों से क्रिप्टो में गिरावट जारी थी, लेकिन इस बार का धक्का अब तक का सबसे बड़ा साबित हुआ। कॉइनमार्केटकैप के अनुसार गुरुवार सुबह 9:30 बजे क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 3.14 लाख करोड़ डॉलर था, जो शुक्रवार सुबह तक गिरकर 2.95 लाख करोड़ डॉलर रह गया। यानी 24 घंटे में 6% से ज्यादा की गिरावट और इसी के साथ निवेशकों के 0.19 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 17 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। मार्केट में डर का माहौल इतना गहरा है कि फियर एंड ग्रीड इंडेक्स गिरकर 11 पर आ गया, जो बताता है कि निवेशक बड़े पैमाने पर सेलिंग कर रहे हैं।

### बिटक्वाइन ताश के पत्तों की तरह ढहा

क्रिप्टो मार्केट का सबसे बड़ा नाम बिटकॉइन भी इस भारी गिरावट से बच नहीं पाया। बीते 24 घंटों में बिटकॉइन 7% से ज्यादा टूटकर 86,000 के नीचे आ गया है। शुक्रवार सुबह 9:30 बजे यह 85,750 पर ट्रेड कर रहा था। सिर्फ एक दिन में ही नहीं, बिटकॉइन पिछले 7 दिनों में 13% से ज्यादा लुढ़क चुका है।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम संबंधों को लेकर दिन उतार-चढ़ाव भरा कहा जा सकता है। कभी-कभी आपको लगेगा कि आप प्रेमी के बिना नहीं रह सकते।

**वृष:** मन अशांत रह सकता है और इस वजह से मन किसी काम में नहीं लगेगा। उदास रहने से दुख हो सकता है। आप अकेलेपन के शिकार हो सकते हैं।

**मिथुन:** नए संबंध स्थापित करने के लिए दिन शुभ नहीं है। जो लोग पहले से ही संबंध रखते हैं, उन्हें भी आज मनाने के दौर से गुजरना पड़ सकता है।

**कर्क:** अपने प्रेमी के जीवन को खुशहाल बनाने और रिश्तों में मिठास बढ़ाने के लिए आप कुछ नया करने की सोच सकते हैं।

**सिंह:** सिद्धांतों के कारण प्रेम संबंधों में रुकावट आ सकती हैं। हो सकता है बाधा को न देखना चाहें और बाधा न कहकर इसे उचित ठहराने का दावा भी कर सकते हैं।

**कन्या:** कई बार व्यक्ति प्रेम संबंधों या प्रेमी के प्रति आसक्त हो जाता है। आज आप अपने प्रेमी के दीवाने हो सकते हैं, जो आपके रिश्ते के लिए बिल्कुल भी शुभ नहीं है।

**तुला:** यदि आप प्रेम संबंध को मजबूत करना चाहते हैं तो आपके विचार और आपका आत्मविश्वास भी बहुत मजबूत होना चाहिए।

**वृश्चिक:** प्रेमी का जीवन सीधा और स्पष्ट दिखाई दे सकता है। प्यार भरे तरीकों की कमी महसूस कर सकते हैं असल में ऐसा नहीं होता, सिर्फ सोच का असर होता है।

**धनु:** रिश्तों की बोरियत के लिए प्रेमी आपको जिम्मेदार ठहरा सकता है जबकि आप दोनों बराबर के जिम्मेदार होंगे।

**मकर:** जो लोग आज प्रपोज करना चाहते हैं उनका दिन अच्छा कहा जा सकता है। पुराने संबंधों को लेकर दिन उत्साह से भरा रहेगा।

**कुंभ:** प्रेम-जीवन में रुकावट आ सकती हैं। इन बाधाओं को तोड़ने की हिम्मत भी नहीं करेंगे। क्या जानते हैं कि बाधाएं हैं या नहीं और यह सब मन की कल्पना मात्र है।

**मीन:** प्रेमियों के जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन हर बार इनके बारे में गंभीरता से सोचें तो प्रेम-जीवन कैसे सुचारू रूप से चलेगा।

## चुटकुले

एक काला आदमी मरने के बाद स्वर्ग गया
स्वर्ग में उसे परी मिली और बोली- तुम कौन हो?
काला आदमी परी को इम्प्रेस करने के लिए बोला-
मैं टाइटैनिक का हीरो हूं
परी- टाइटैनिक डूबी थी, जली नहीं थी.....

---

डॉक्टर साहब मैं कुछ बीमार रहने लगा हूं
डॉक्टर बोला- तुम्हारा लीवर फूल गया है
शराबी- इसका मतलब यह हुआ कि अब इसमें
और ज्यादा दारू आ सकती है
डॉक्टर चुप और शराबी खुश.....

---

वैज्ञानिक चाहे कितनी भी खोज कर ले,
लेकिन इस बात का पता कभी नहीं
लगा सकते की, भारत में लोग उदास होने के बाद,
अपनी व्हाट्सअप डीपी क्यूँ हटा देते हैं

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

23 11 2025 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का दोहरा चरित्र आया सामने दो दिन में खत्म हुआ पहला एशेज टेस्ट तो साधी चुप्पी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी प्रतिष्ठित एशेज टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को खत्म हो गया। पर्थ में खेले गए इस मैच को ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत लिया, लेकिन प्रशंसक इस बात से हैरान हैं कि इस मुकाबले का नतीजा दो दिन में ही निकल आया। बड़ी बात यह है कि इस पर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इससे पहले जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए कोलकाता टेस्ट के दौरान जब दूसरे दिन 15 विकेट गिरे थे, तब इन्हीं की तरफ से 'फ्रॉड टेस्ट क्रिकेट' कहा गया था।



**ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज सीरीज का पहला मुकाबला दो दिन में समाप्त हो गया। इस पर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया और प्रशंसकों की चुप्पी से उनका दोहरा चरित्र उजागर हो चुका है।**

**ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का दोहरा चरित्र उजागर**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता में खेला गया पहला मुकाबला तीन दिन में समाप्त हो गया था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भारत की पिच और टीम की रणनीति पर सवाल दागे थे।

मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी निशाने पर लिया गया, लेकिन जब पर्थ में खेला गया एशेज सीरीज का पहला मुकाबला सिर्फ दो दिन में ही खत्म हो गया तो ऑस्ट्रेलिया की मीडिया और प्रशंसकों ने जीत का जश्न मनाना जरूरी समझा न कि दो दिन में टेस्ट मुकाबला खत्म होने के पीछे की वजह को जानना।

**ऑस्ट्रेलिया ने हासिल की 1-0 की बढ़त**

ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए एशेज सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। यह मुकाबला महज दो दिन में खत्म हुआ। इंग्लैंड की टीम शनिवार को अपनी दूसरी पारी में 164 रन पर सिमट गई थी।

कंगारुओं के सामने इंग्लिश टीम ने 205 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट गंवाकर महज 28.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने टी20 के अंदाज में खेलते हुए जीत हासिल की।

कंगारुओं की इस जीत के नायक ट्रेविस हेड रहे, जिन्होंने 83 गेंद में 16 चौके और चार छक्कों की मदद से 123 रन की तूफानी पारी खेली। वह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में पहली बार बतौर ओपनर उतरे और तहलका मचा दिया। इसके अलावा मार्नस लाबुशेन 49 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

## कप्तान बदला, किस्मत नहीं! शुभमन गिल के बाद ऋषभ पंत ने भी बतौर कप्तान अपने पहले टेस्ट में गंवाया टॉस

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में शनिवार को जब बारसापारा स्टेडियम ने अपने पहले टेस्ट मैच की मेजबानी की, तब भारतीय टीम नई उम्मीदों के साथ मैदान में उतरी। शुभमन गिल की चोट के चलते ऋषभ पंत ने कप्तानी संभाली और वह भारत के 38वें टेस्ट कप्तान बन गए। इसके साथ ही वह एमएस धोनी के बाद भारत के केवल दूसरे विकेटकीपर-कप्तान बने। धोनी ने 2008 से 2014 तक 60 टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी की।

हालांकि, कप्तान बदलने के बाद भी किस्मत भारतीय टीम के साथ नहीं रही। पंत ने टॉस के लिए सिक्का उछाला, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने 'हेड्स' कहा और कॉल सही बैठा। इसी के साथ भारत ने पिछले नौ टेस्ट में से आठवीं बार टॉस गंवाया।

**टॉस की कहानी और पिच का हाल**

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतते ही बल्लेबाजी चुनी, क्योंकि गुवाहाटी की लाल मिट्टी वाली पिच पहले दो दिनों तक बल्लेबाजी के लिए मददगार मानी जा रही है।



पिच बाद में स्पिनर्स को मदद दे सकती है, लेकिन शुरूआती सत्र बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बताया जा रहा है। पंत ने टॉस हारने के बाद शांत प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'विकेट बल्लेबाज१ के लिए अच्छा लग रहा है, लेकिन पहले गेंदबाजी करना भी बुरा विकल्प नहीं है।'

**टॉस हार का लंबा सिलसिला**

टॉस की बदकिस्मती नियमित कप्तान शुभमन गिल के समय से चली आ रही है। गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज में एक भी टॉस नहीं जीत सके थे। हालांकि, भारत वह सीरीज 2झ2 से बराबर करने में कामयाब रहा था। गिल ने अक्तूबर में

**कप्तान बदलने के बाद भी किस्मत भारतीय टीम के साथ नहीं रही। पंत ने टॉस के लिए सिक्का उछाला, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने 'हेड्स' कहा और कॉल सही बैठा। इसी के साथ भारत ने पिछले नौ टेस्ट में से आठवीं बार टॉस गंवाया।**

वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में टॉस जरूर जीता था, लेकिन मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में कोलकाता में फिर टॉस हार गए और भारत को उस मुश्किल पिच पर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा, जहां चौथी पारी में भारत 124 रन तक नहीं पहुंच सका।

## पूर्व विश्व चैंपियन गोलोवकिन वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष बने



**वॉशिंगटन।** गोलोवकिन ने 2004 में ओलंपिक में रजत पदक जीता था और पेशेवर बनने के बाद वह लंबे समय तक विश्व चैंपियन रहे। उन्होंने 2022 में संन्यास ले लिया था। अब उन्हें नई जिम्मेदारी मिली है।

पूर्व विश्व चैंपियन गेनाडी गोलोवकिन विश्व मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। कजाकिस्तान के रहने वाले गोलोवकिन को वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष पद के लिए यूनान के हरिलाओस मारिओलिस के खिलाफ चुनाव लड़ने की उम्मीद थी, लेकिन संगठन ने शुक्रवार को कहा कि जांच प्रक्रिया के बाद वह एकमात्र योग्य उम्मीदवार पाए गए हैं।

गोलोवकिन ने एक प्रतिनिधि के माध्यम से जारी बयान में कहा, 'मुझे सूचित किया गया है कि अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल एकमात्र अन्य उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया है।' उन्होंने कहा, 'मैं वर्ल्ड बॉक्सिंग के स्वतंत्र जांच पैनल के काम की सराहना करना चाहूंगा, जिसने यह सुनिश्चित करने में मदद की कि सभी चुनाव ओलंपिक खेल में प्रशासन के उच्चतम मानकों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों।'

कजाकिस्तान के पूर्व मिडिलवेट चैंपियन गोलोवकिन को अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था, क्योंकि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए वर्ल्ड बॉक्सिंग के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

गोलोवकिन ने 2004 में ओलंपिक में रजत पदक जीता था और पेशेवर बनने के बाद वह लंबे समय तक विश्व चैंपियन रहे। उन्होंने 2022 में संन्यास ले लिया था।

# दूसरे टेस्ट के पहले दिन एक भी अर्धशतक देखने को नहीं मिला

## 149 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा, कुलदीप चमके

**गुवाहाटी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने दिन के खेल की समाप्ति तक पहली पारी में छह विकेट पर 247 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय क्रीज पर सेनुरन मुथुसामी 25 रन और काइल वेरेने एक रन बनाकर मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट के पहले दिन एक भी अर्धशतक देखने को नहीं मिला, लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ जो 149 साल के टेस्ट इतिहास में इससे पहले कभी नहीं हुआ था**

**भारत ने किए दो बदलाव**

भारत इस मैच में नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत की अगुआई में खेलने उतरा है। भारत इस मैच में भी टॉस नहीं जीत सका। भारत ने अपनी अंतिम एकादश में दो बदलाव किए हैं। गिल के स्थान पर साई सुदर्शन और अक्षर पटेल की जगह नीतीश कुमार रेड्डी को टीम में लिया गया है। दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 30 रन से जीत दर्ज करने वाली अपनी टीम में एक बदलाव करके कोर्बिन बॉस की जगह सेनुरन मुथुसामी को अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है।

**पहले दिन कोई बल्लेबाज नहीं लगा सका पचासा**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट के पहले दिन एक भी अर्धशतक देखने को नहीं मिला, लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ जो 149 साल के टेस्ट इतिहास में इससे पहले कभी नहीं हुआ था। पहली बार ऐसा हुआ है जब पारी में किसी टीम के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने 35 या इससे अधिक रन बनाए, लेकिन कोई भी 50 रनों का आंकड़ा पार नहीं कर सका। दरअसल, पहले बल्लेबाजी करते हुए एडेन मार्करम और रेयान रिकेल्टन ने पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। ये मौजूदा सीरीज में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। हालांकि, इसे जसप्रीत बुमराह ने मार्करम को आउट कर तोड़ा जो 38 रन बनाकर आउट हुए। बुमराह ने पहले सत्र की समाप्ति से ठीक पहले मार्करम को बोल्ड किया।

**कुलदीप की फिरकी का चला जादू:** इसके बाद कुलदीप की फिरकी का जादू चला और टीम ने वापसी करने की कोशिश की। बाएं हाथ के कलाई के गेंदबाज कुलदीप ने दूसरे सत्र के शुरू में ही दूसरे सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन को आउट करके दक्षिण अफ्रीका के खेमे में खलबली मचा दी। रिकेल्टन 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बावुमा और स्टब्स ने धैर्य से काम लिया और दूसरे सत्र में अपनी टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया। स्टब्स को लय हासिल करने में कुछ समय लगा लेकिन इसके बाद उन्होंने आत्मविश्वास से भरे शॉट खेले। उन्होंने कुलदीप की गेंद पर लांग आफ पर छक्का भी लगाया। दूसरी तरफ बावुमा ने किसी तरह की हड़बड़ी नहीं दिखाई और सहजता से रन बटोरे।

बावुमा ने इस दौरान कप्तान के तौर पर टेस्ट में 1000 रन पूरे किए और वह दक्षिण अफ्रीका के लिए ऐसा करने वाले नौवें खिलाड़ी बने। बावुमा लगातार दूसरा अर्धशतक लगाने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन जडेजा ने यशस्वी के हाथों कैच कराकर बावुमा की पारी का अंत कर दिया। बावुमा 41 रन बनाकर पवेलियन लौटे। स्टब्स लय में दिख रहे थे, लेकिन उन्हें कुलदीप ने राहुल के हाथों कैच कराया और वह 49 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने 35+ का स्कोर बनाया, लेकिन कोई भी अर्धशतक नहीं लगा सका है। ऐसा टेस्ट क्रिकेट के 149 साल के इतिहास में पहली बार देखने मिला है।



**दूसरे दिन पारी जल्द समेटने पर नजर:** भारत ने कुलदीप की अगुआई में गेंदबाजों की मदद से वापसी की कोशिश की और वियान मुल्डर को 13 रन पर आउट कर दक्षिण अफ्रीका की आधी टीम पवेलियन भेज दी। लेकिन तीसरे सत्र में मुथुसामी और डि जॉर्जी टिक गए। इन दोनों के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी, फिर सिराज ने दूसरी नई गेंद का फायदा उठाया और पंत के हाथों कैच कराकर डि जॉर्जी को पवेलियन की राह दिखाई। डि जॉर्जी 28 रन बनाकर आउट हुए। अब दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों की कोशिश दक्षिण अफ्रीका की पारी जल्द समेटने पर टिकी होगी। भारत के लिए कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को एक-एक सफलता

## इंडियन ओपन स्क्वाश का फाइनल आज, युवा अनाहत के सामने अनुभवी जोशना की चुनौती





**इंदौर।** दिल्ली की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत ने पीएसए स्तर की इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में शुक्रवार को आयरलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त हन्ना क्रेग को 11-4, 10-12, 9-11, 11-6, 11-4 से हराया।

अनाहत सिंह ह्यडेली कॉलेज एसआरएफआई इंडियन ओपनह्न के अखिल भारतीय महिला फाइनल में शनिवार को यहां जोशना चिनप्पा से भिड़ेंगी। दिल्ली की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत ने पीएसए स्तर की इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में शुक्रवार को आयरलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त हन्ना क्रेग को 11-4, 10-12, 9-11, 11-6, 11-4 से हराया। वहीं गैर-वरीयता प्राप्त अनुभवी जोशना ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नादियन एल्हम्मामी को 7-11, 11-5, 11-7, 11-7 से मात दी।

## माहित ने बधिर ओलंपिक में जीता अपना दूसरा स्वर्ण

**50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में शीर्ष पर रही**




**टोक्यो।** भारत की माहित संधू ने बधिर ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। माहित ने टोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता जो उनका चौथा पदक है।

माहित ने 45 शॉट के बाद कुल 456.0 अंक हासिल कर बधिर ओलंपिक खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की डैन जियोंग ने 453.5 अंक के साथ रजत और हंगरी की मीरा जुजाना बियातोव्स्की ने 438.6 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

**माहित ने बनाया बधिर खेलों का नया रिकॉर्ड**

माहित ने फाइनल तक पहुंचने के दौरान बधिर खेलों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने क्वालिफाइंग दौर में 585 अंक बनाए और शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। माहित ने नीलिंग में 194, प्रोन में 198 और स्टैंडिंग में 193 अंक प्राप्त किए


**माहित ने फाइनल तक पहुंचने के दौरान बधिर खेलों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने क्वालिफाइंग दौर में 585 अंक बनाए और शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया।**

तथा पिछले वर्ष हनोवर में आयोजित विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए 576 अंकों के अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

भारत की नताशा जोशी ने भी 566 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वह फाइनल में 417.1 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाजों ने बधिर ओलंपिक में अब तक पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित 14 पदक जीते हैं। अभिनव देशवाल और चेतन हनमंत सपकाल 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा में हैं।

**जब सितारों ने थामा क्रिकेटरों का हाथ**

## पलाश-स्मृति ही नहीं; बॉलीवुड और क्रिकेट की ये जोड़ियां भी हैं मशहूर





**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुच्छाल शादी कर रहे हैं, जिसकी तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है। इससे पहले भी कई सितारों ने क्रिकेटर्स से शादी की है। चलिए जानते हैं उनके बारे में।

क्रिकेट और बॉलीवुड का रिश्ता हमेशा दिलचस्प रहा है। पलाश मुच्छाल और क्रिकेटर स्मृति मंधाना से पहले भी कई बार बॉलीवुड और क्रिकेट के चर्चित सितारों की जोड़ी बन चुकी है। कल यानी 23 नवंबर को पलाश-स्मृति शादी के पवित्र बंधन में बधेंगे। इस खास अवसर पर हम जानेंगे उन सेलिब्रिटी के बारे में, जिन्होंने अपने जीवनसाथी के रूप में क्रिकेटर को चुना।

क्रिकेटर स्मृति मंधाना और संगीतकार-म्यूजिक डायरेक्टर पलाश मुच्छाल की शादी होने वाली है। फिलहाल दोनों के प्री-वेडिंग फंक्शन चल रहे हैं। हल्दी और मेंहदी सेरेमनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। दोनों की शादी को लेकर बहुत दिनों से चर्चा थी। आखिरकार अब कल यानी 23 नवंबर को दोनों शादी के पवित्र बंधन में बंध जाएंगे।

**अनुष्का शर्मा-विराट कोहली**

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में भारतीय पुरुष क्रिकेट के किंग कहे जाने वाले खिलाड़ी विराट कोहली से शादी की थी। दोनों की शादी मीडिया में कई दिनों तक सुर्खियों में रही। आपको बताते चलें कि इस जोड़े ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की थी। इस समय विराट और अनुष्का का एक बेटी भी है।

**गीता बसरा-हरभजन सिंह**

बॉलीवुड और पंजाबी इंडस्ट्री में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली अभिनेत्री गीता बसरा ने भी क्रिकेटर से ही शादी की। साल 2015 में उन्होंने भारतीय पूर्व क्रिकेटर और शानदार स्पिन बॉलर हरभजन सिंह से शादी कर ली। दोनों ने 5 साल तक एक-दूसरे को डेट किया था।

**हेजल कीच-युवराज सिंह**

क्रिकेटर युवराज सिंह ने साल 2016 में हेजल कीच के साथ शादी की थी। हेजल ब्रिटिश मॉडल रह चुकी हैं और इन्होंने सलमान खान अभिनीत फिल्म ह्यबॉडीगार्डह्न में भी काम किया है।

**अथिया शेट्टी और केएल राहुल**

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने क्रिकेटर केएल राहुल से 2023 में शादी की थी। इस जोड़े ने खंडाला के एक फार्महाउस में शादी रचाई थी। दोनों एक-दूसरे को साल 2019 से डेट कर रहे थे। आपको बताते चलें कि अब दोनों माता-पिता भी बन चुके हैं।


**सागरिका घाटगे और जहीर खान**

शाहरुख खान की फिल्म ह्यचक दे इंडियाह्न में प्रीति सभरवाल का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने 2017 में शादी की थी। एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जहीर खान से शादी रचाई थी।

**नताशा स्टेनकोविक-हार्दिक पांड्या**

नताशा स्टेनकोविक, जो एक सर्बियन डांसर-मॉडल और एक्ट्रेस हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतरीन ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से साल 2020 में शादी की थी। दोनों का एक बेटा भी है। हालांकि, अब दोनों का तलाक हो चुका है।

## बैजबॉल से आग लगाने ऑस्ट्रेलिया गया था इंग्लैंड
## ट्रेविस हेड ने पहले ही टेस्ट में 'राख' बना दिया



**ट्रेविस हेड की यह पारी एशेज इतिहास, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट की आक्रामक सोच का नया अध्याय मानी जाएगी। उन्होंने दिखाया कि सही मौके पर सही खिलाड़ी क्या कर सकता है और कैसे एक मैच, एक सत्र, और एक पारी टेस्ट क्रिकेट की दिशा बदल सकती है।**

**पर्थ।** पर्थ में खेले गए एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में ट्रेविस हेड ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसे आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ महज दो दिन में खत्म हुए इस मुकाबले में हेड ने 83 गेंदों में 123 रनों की तूफानी पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से बड़ी जीत दिलाई। यह सिर्फ एक पारी नहीं थी, बल्कि रणनीति, मानसिक मजबूती और मौके को भुनाने का परफेक्ट कॉम्बिनेशन थी।

ऑस्ट्रेलिया टीम मैनेजमेंट का फैसला मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। नियमित ओपनर उस्मान ख्वाजा पीठ में खिंचाव की वजह से वह दोनों पारियों में ओपनिंग बल्लेबाजी करने नहीं आए। पहली पारी में तो ख्वाजा की जगह जेक वेदराल्ड के साथ मार्नस लाबुशेन ओपनिंग उतरे और सिर्फ नौ रन बना सके थे। हालांकि, दूसरी पारी में टीम मैनेजमेंट ने हेड को वेदराल्ड के साथ भेजा और इस फैसले ने ऑस्ट्रेलिया की किस्मत पलट कर रख दी। पहली पारी के बाद बैकफुट पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को हेड ने अपने दम पर मैच जिताया। शुरूआत से ही हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने कुछ ओवर लेकर पिच की गति और उछाल का अंदाजा लगाया और फिर सेट होकर उन्होंने इंग्लिश गेंदबाजों पर किसी तूफान की तरह अटैक किया।

हेड ने बल्लेबाजी को ऐसे मोड में बदल दिया कि इंग्लैंड के बॉलर्स पूरी तरह बैकफुट पर चले गए। उन्होंने 36 गेंद पर 50 रन पूरे किए और फिर 69 गेंद पर टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ दिया। यह एशेज में दूसरी सबसे तेज सेंचुरी रही। उनसे तेज शतक सिर्फ महान एडम गिलक्रिस्ट ने बनाया था, जिन्होंने इसी मैदान पर 2006-07 एशेज में 57 गेंदों में शतक जड़ा था। वहीं, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी ओपनर द्वारा संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक रहा। यह चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक का सबसे तेज शतक भी है।

**ट्रेविस हेड ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया में ओपनिंग की**

इस मैच में एक अहम बात यह रही कि ट्रेविस हेड ओवरऑल टेस्ट में 10वीं बार और ऑस्ट्रेलिया में यानी अपने देश में पहली बार ओपनिंग के लिए आए। पहली बार उन्होंने यह भूमिका ऑस्ट्रेलियाई धरती पर निभाई है और क्या खूब निभाई है। बतौर ओपनर अपनी सरमजीं पर उन्होंने तहलका मचाते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत दिलाई। इससे पहले उन्होंने नौ बार ओपनिंग एशियाई सरजमीं पर की थी।




**टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का टी20 अंदाज, 29 ओवर में खत्म किया**

ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए एशेज सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। यह मुकाबला महज दो दिन में खत्म हुआ। इंग्लैंड की टीम शनिवार को अपनी दूसरी पारी में 164 रन पर सिमट गई थी। कंगारुओं के सामने इंग्लिश टीम ने 205 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट गंवाकर महज 28.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने टी20 के अंदाज में खेलते हुए जीत हासिल की। कंगारुओं की इस जीत के नायक ट्रेविस हेड रहे, जिन्होंने 83 गेंद में 16 चौके और चार छक्कों की मदद से 123 रन की तूफानी पारी खेली। वह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में पहली बार बतौर ओपनर उतरे और तहलका मचा दिया। इसके अलावा मार्नस लाबुशेन 49 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

**बढ़ते के बावजूद इंग्लैंड को मिली हार**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की और शुक्रवार को पूरी टीम 33 ओवर के अंदर 172 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने कहर बरपाते हुए सात विकेट झटके, जबकि डेब्यूटेंट डॉगेट को दो विकेट मिले।




# धूमधाम से मनाया गया अनाम्या का प्रथम जन्मदिन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नन्ही परी अनाम्या का प्रथम जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया। कविनगर सी ब्लॉक गुरूद्वारा साहिब में पहले शबद कीर्तन का आयोजन किया गया और फिर लंच का कार्यक्रम रखा गया। गुरूद्वारा साहिब में नन्ही बच्ची अनाम्या के जन्मदिन पर उसे आशीर्वाद देने के लिए गणमान्य लोग पहुंचे। इस मौके पर सरदार एसपी सिंह और पवनीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## दिल्ली गेट, डासना गेट और सिहानी गेट के सौंदर्यीकरण की मांग तेज

**पूर्व निगम पार्षद पं. हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र**

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर के पुराने और ऐतिहासिक मुख्य द्वारों–दिल्ली गेट, डासना गेट और सिहानी गेट–की बदहाल स्थिति को लेकर पूर्व नगर पार्षद पं. हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल सौंदर्यीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन द्वारों की अनदेखी न सिर्फ शहर की छवि को खराब कर रही है, बल्कि यह प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण भी बन गई है।





**स्थानीय समाचार रिपोर्ट के आधार पर दिया ज्ञापन**

पत्र में उल्लेख किया गया कि नगर निगम शहर के प्रवेश द्वारों को सुंदर बनाने की योजना बना रहा है, जिनमें यूपी गेट, मेरठ रोड जैसे नए द्वार शामिल हैं। लेकिन गाजियाबाद के पुराने मुख्य द्वार–दिल्ली गेट, डासना गेट और सिहानी गेट–जो शहर की पहचान रहे हैं, वे पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। सिहानी गेट के बारे में पत्र में लिखा गया कि यह गेट अपना अस्तित्व तक खो चुका है और आसपास का क्षेत्र अवैध कब्जों से प्रभावित है।

**अवैध कब्जे और अव्यवस्था पर सवाल**

पं. हिमांशु लव ने टाउनहॉल से घंटाघर तक जाने वाले मार्ग पर स्थित खाली भूमि पर हुए अवैध निर्माण, दुकानों और कब्जों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फुटपाथ तक घिर चुके इन कब्जों ने पैदल चलना भी मुश्किल कर दिया है। पत्र में सवाल उठाया गया कि–क्या इन गंभीर समस्याओं पर नगर निगम का ध्यान जाएगा?

**तत्काल सौंदर्यकरण की मांग**

पूर्व पार्षद ने नगर आयुक्त से दिल्ली गेट, डासना गेट और सिहानी गेट के सौंदर्यकरण व पुनर्विकास को प्राथमिकता के तौर पर करवाने का अनुरोध किया है।

## पायलेट राकेश त्यागी के सुपौत्र त्रियक्ष त्यागी का कुंआ पूजन समारोह सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पायलेट राकेश त्यागी, सुषमा त्यागी के सुपौत्र तथा प्राची त्यागी, अक्षय त्यागी के सुपुत्र त्रियक्ष का कुंआ पूजन समारोह धूम धाम से सम्पन्न हुआ। प्रीतम फार्म हाउस में आयोजित कुंआ पूजन समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और त्रियक्ष को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिवार की ओर से राजीव, पूनम, ज्योत्सना, दीपक, रूबी, अर्चित, हिमानी, संयम, रूपीका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।




## किस जोन में मिलेगी आईपीएस को एंट्री

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक आईपीएस की एंट्री होने की विधिवत घोषणा हो चुकी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही एक आईपीएस की एंट्री होने वाली है। सूत्रों की ओर से जानकारी दी गई है कि उनके मैंटर बड़े साहब बनाए गए हैं। बताया जा रहा है कि वह यहां अपनी वर्किंग और आगे की पुलिसिंग का पाठ पढ़ेगी। वहीं जल्दी ही उनको पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किसी जोन में सेट किया जा सकता है। सबसे पहले वह कुछ दिन रूटीन वर्किंग जानेंगी और फिर उन्हें किस जोन के थाने में भेजा जाता है यह देखना दिलचस्प होगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस बार आईपीएस के लिए थाना नदिया पार या सिटी का अलॉट किया जा सकता है। बीते कुछ समय से अंडर ट्रेनी आईपीएस को ग्रामीण जोन मिलते रहे हैं लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि इस बार पारी बदलने वाली है। वहीं इन सबके बीच चर्चा यह चल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आईपीएस वाली बड़ी लिस्ट का क्या असर होगा और लोकल लिस्ट अभी कब तक वेटिंग चलेगी। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दो जोन में चौकी पर भारी बदलाव की लंबी लिस्ट बनाई जा रही है। उसमें कई चौकी प्रभारी हटने हैं, तो कई पर एक्शन लिया जाना है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि कई चौकियों के लिए चेहरे फिक्स भी कर लिए गए हैं। जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों क्राइम कंट्रोल को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई थी और लगातार नंबर दो की पोजीशन वाले साहब थानों का निरीक्षण और अर्दली रूम वाला कार्यक्रम चला रहे हैं, उससे कई जोन में हलचल सुनाई दे रही है। लगातार सर्किल वार हो रही इस समीक्षा के आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम सामने आने की बात की जा रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाली अंडर ट्रेनी आईपीएस अधिकारी को किस जोन में एंट्री मिलती है और किस थाने के बोर्ड पर उनका नाम लिखा जाता है। वैसे लोकल सूत्र बता रहे हैं कि संभावना सिटी और नदिया पार के थानों के लिए प्रबल बनी हुई है। अब देखना होगा कि कौन सा जोन अलर्ट होता है। वहीं इस बात पर भी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नजरें रहने वाली है कि किस थ्री या टू-स्टार को होल्ड किया जाएगा।



## इंदिरापुरम के मकनपुर गांव में बीएलओ को एसआईआर में दिक्कत, किराएदारों के कारण नहीं मिल रहे लोग

**पार्षद राधेश्याम त्यागी बोले, लोगों के घर-घर जाकर भरवा रहे हैं फॉर्म**



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 के मकनपुर गांव में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और बोगस नाम हटाने के कार्य में लगे हुए हैं, लेकिन अधिकांश घरों में किराएदार रहते हैं और अक्सर ताला लगा रहता है।

बीएलओ पारुल ने बताया कि कई बार एक ही घर में अलग-अलग लोग मिलते हैं, जिससे सही व्यक्ति की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हम रोजाना कई घरों में जाते हैं, लेकिन ताला लगा होने या किराएदारों के कारण सही व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पाता। इससे एसआईआर फॉर्म जमा करने में देरी और मतदाता सूची में त्रुटियों का खतरा बढ़ रहा है। वही बीएलओ सोना चौधरी ने बताया कि मकनपुर के कुछ मोहल्ले में फॉर्म बंटाने में परेशानी आ रही है लेकिन क्षेत्रीय पार्षद के सहयोग से कुछ समस्याएं का समाधान मिल रहा है। स्थानीय निवासियों ने भी इस समस्या को स्वीकार किया। एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा, हमारे घर में कई किराएदार आते-जाते रहते हैं, इसलिए बीएलओ को सही जानकारी देना मुश्किल हो जाता है। हमें उम्मीद है कि प्रशासन इस समस्या का जल्द समाधान करेगा।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने एआईआरओ रामजतन मिश्रा ने इस मुद्दे को जिला अधिकारी के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया है, ताकि किराएदारों की सूचना एकत्र कर बीएलओ को समय पर उपलब्ध कराई जा सके और एसआईआर प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके। इस बीच, बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वे ताला लगे घरों में लिखित सूचना छोड़ें और किराएदारों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज एकत्र करें, जिससे मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य बिना बाधा के पूरा हो सके। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वार्ड में 11 बीएलओ एसआईआर पर काम कर रहे हैं, वहीं हर एक बीएलओ के साथ बीएलए दे रहे है जिसे लोगो की पहचानना ठीक से हो सके। रविवार 10 बजे अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी बीएलओ के अधिकारी मौके पर मौजूद होंगे। उन्होंने कहा कि यदि लोगों को सही से जानकारी नहीं मिल रही है तो अलॉटमेंट के द्वारा जानकारी दी जाएगी किरायेदारों के द्वारा हो रही परेशानी को भी सुलझा दिया जाएगा।

## फर्जी दस्तावेजों से ऋण लेने वाले ने कबूला जुर्म

**गाजियाबाद।** फर्जी पर पत्रों के आधार पर सिंडिकेट बैंक से ऋण लेने के आरोपी ने सीबीआई कोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया। कोर्ट ने इसके बाद सुनवाई करते हुए दोषी को तीन साल 7 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है।

कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार वैशाली स्थित सिंडिकेट बैंक से कपिल कुमार ने फर्जी डॉक्यूमेंट लगाकर वर्ष 2017 में 99 लाख रुपए का रुपए का मकान बनाने के नाम पर लोन लिया था। मामले की शिकायत मिलने पर सीबीआई ने जांच की। जांच में पता चला कि भूखंड पर मकान बनाने के लिए लोन लिया गया है। उक्त भूखंड पर पहले से ही किसी और का मकान बना हुआ है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Hemantt Joshi** is with **Kavita Kargeti.**
43m ·

भाजपा नेत्री खोड़ा बहन Kavita Kargeti जी ओर पंडित जी को विवाह वर्षगांठ की ढेरों शुभकामनाएं।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मैरिज एनिवसिरी की बधाई देने का हेमंत जोशी का एक अलग अंदाज है। उन्होंने भाजपा नेत्री कविता करगेती और उनके पति को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनायें दीं। लिखा कि बहन कविता और पंडित जी को विवाह वर्षगांठ की ढेरों शुभकामनायें। अपनी इस खुशी को उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# सीएम योगी ने संगम पर की पूजा माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**माघ मेला इस बार 800 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। मेला क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है जो अरेल से लेकर हटा पट्टी तक होगा।**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संगम नगरी प्रयागराज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संगम पर गंगा पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की और आगामी माघ मेले की तैयारियों का गहनता से जायजा लिया।

मुख्यमंत्री का आगमन पूर्वाह्न 10.30 बजे हुआ, जिसके बाद सीएम योगी विधायक हर्षवर्धन वाजपेई के आवास पर पहुंचे। यहां पवनसुत हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में भी भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**संगम पर गंगा पूजन और मेले की समीक्षा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गंगा पूजन कार्यक्रम के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। संगम के बीच एक छोटी फ्लोटिंग जेटी (तैरता हुआ घाट) का निर्माण किया गया, जिससे गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे सामान्य दिनों की भांति स्नान कर सकें।

मुख्यमंत्री ने माघ मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। उन्होंने मेले के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि माघ मेला उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इसे भव्यता व सुगमता के साथ संपन्न कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी।


**हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा :** अपने प्रवास के दौरान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक हर्षवर्धन वाजपेई के आवास पर पहुंचकर पवनसुत हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई।

इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं ने भी भाग लिया, जो मुख्यमंत्री के आगमन से उत्साहित थे।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का कहर जारी कई इलाकों में 400 से ऊपर पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली।** राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में हल्की कमी आई है, लेकिन यह ह्यबहुत खराबह्न श्रेणी में बना हुआ है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम के डेटा के मुताबिक, शनिवार सुबह एवरेज एक्यूआई 359 रिकॉर्ड किया गया।

शुक्रवार को रिकॉर्ड किए गए एवरेज 364 एक्यूआई से थोड़ा सुधार होने के बावजूद सुबह-सुबह कुछ इलाकों में जहरीले स्मॉग की परत छाई रही। कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी गया है, जिससे वहां की हवा ह्यगंभीरह्न श्रेणी में मानी जा रही है। लगातार बने स्मॉग (धुंध) की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उधर, नोएडा-गाजियाबाद समेत एनसीआर के कई इलाकों में भी हवा की गुणवत्ता खराब है।




वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह राजधानी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 420, अशोक विहार में 403, आया नगर में 333, बवाना में 414, बुराड़ी में 374, डीटीयू में 396, द्वारका में 389, आईटीओ में 370, जहांगीरपुरी में 417, मुंडका 414, नजफगढ़ में 316, पंजाबी बाग में 370, रोहिणी 412, आरकेपुरम 372, वजीरपुर में 427 दर्ज किया गया है।

**शुक्रवार को इतना रहा एक्यूआई :** शुक्रवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 364 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 27 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 422 दर्ज किया गया, यह गंभीर श्रेणी है। वहीं, नोएडा में 394, ग्रेटर नोएडा में 353 और गुरुग्राम में 287 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 238 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि सोमवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या से राहत नहीं मिलेगी।

**गाजियाबाद में भी 400 पार पहुंची एक्यूआई :** गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, लोनी में 450 एक्यूआई दर्ज किया गया है। संजय नगर में 417 दर्ज किया।

**नोएडा का एक्यूआई भी 400 से ज्यादा :** नोएडा में भी कई इलाकों में 400 से ज्यादा एक्यूआई पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सेक्टर 125 में 429, सेक्टर 1 इलाके में 394 और सेक्टर 62 इलाके में 340 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

# 2025 का अंत होगा भयानक आएगी एक और महामारी!

## नास्त्रेदमस की भविष्यवाणियों ने मचाई हलचल



**नई दिल्ली।** फ्रांस के मशहूर भविष्यवक्ता 'माइकल दि नास्त्रेदमस' की भविष्यवाणियों ने पूरी दुनिया को डरा दिया है। नास्त्रेदमस के मुताबिक, 2025 के आखिरी महीने में तबाही मच सकती है। उनकी भविष्यवाणियों का विशेषज्ञों ने विश्लेषण किया है। दावा किया गया है कि नास्त्रेदमस ने 2025 के अंत से पहले एक और महामारी के दस्तक देने की भविष्यवाणी की है।

**नास्त्रेदमस का दावा है कि पुरानी महामारी आ सकती है वापस**

नास्त्रेदमस की ज्यादातर भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं। इसकी वजह से उनकी भविष्यवाणियों पर पूरी दुनिया यकीन करती है। नास्त्रेदमस ने अपनी किताब लेस प्रोफेटिज में भविष्यवाणियां की थीं जिनमें से अधिकतर सच साबित हुई हैं। नास्त्रेदमस का जन्म फ्रांस के छोटे-से गांव सेंट रेमी में 14 दिसंबर, 1503 को हुआ था और 1566 में उनकी मौत हो गई थी।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नास्त्रेदमस की डरावनी भविष्यवाणियों से संकेत मिलता है कि इंग्लैंड में युद्ध, ग्रह पर उल्कापिंडों के गिर सकता है और एक और महामारी आ सकती है। ऐसे में मानवता के विनाश को लेकर सबसे प्रसिद्ध भविष्यवाणी के सच होने के डर से लोग सहमे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी ज्योतिषी नास्त्रेदमस के मुताबिक, इंग्लैंड में एक संघर्ष की शुरूआत हो सकती है, एक उल्कापिंड के पृथ्वी से टकरा सकता है और एक जलीय नेता के सत्ता में आने की संभावना है।

इसका साथ ही उन्होंने एक लंबे युद्ध के अंत की भी भविष्यवाणी की है। इसके बारे में कई लोगों का मानना है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा संघर्ष इसकी वजह हो सकता है।

नास्त्रेदमस का दावा है कि लंबे युद्ध के दौरान पूरी सेना थक जाएगी, जिससे सैनिकों के लिए पैसे नहीं बचेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एक युद्ध के अंत के साथ ही एक और युद्ध शुरू हो जाएगा। यह एक और महामारी की शुरूआत होगी।

नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी है कि जब यूरोप के लोग इंग्लैंड को अपने पीछे, अपने किनारों पर आकर साम्राज्य स्थापित करते देखेंगे, तो भीषण युद्ध होंगे। राज्य के अंदर और बाहर से शत्रु खड़े हो जाएंगे। अतीत की एक बड़ी महामारी वापस आएगी। आसमान के नीचे इससे ज्यादा घातक कोई शत्रु नहीं होगा।

**ब्रह्मांड से आएगा आग का गोला :** नास्त्रेदमस के मुताबिक, पृथ्वी की एक ऐसे क्षुद्रग्रह से टक्कर होगी, जो जीवन को मिटा देगा।

# दिल्ली बम विस्फोट के बाद एक चौथाई हुई पाकिस्तान की जाने वाली फोन कॉल

**कानपुर।** दिल्ली विस्फोट के बाद पाकिस्तान को जाने वाली मोबाइल फोन कॉल में एकदम से कमी आई है। यह घटकर एक चौथाई रह गई है। इस कमी पर जांच एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

पहले हर दिन 200 के आसपास कॉल की जा रही थी लेकिन अब 40 से 50 कॉल हो रही है। बाहर से आने वाली कॉल पर भी कमी आई है।

पुलिस, एलआईयू और अन्य जांच एजेंसियां हर पहलुओं पर जांच कर रही हैं। शहर में 50 से अधिक ऐसे लोग हैं जो पाकिस्तान से आकर रह रहे हैं। इसी तरह यहां के रहने वालों के रिश्तेदार पड़ोसी देश में रह रहे हैं। उनके बीच सुख-दुख के साथ हर तरह की बातचीत होती है।

सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन 10 नवंबर को दिल्ली में विस्फोट होने के बाद से परिवर्तन हो गया। पुलिस, एलआईयू, एनआईए, एटीएस, आइबी समेत अन्य जांच एजेंसियों ने संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

**पाकिस्तान जाने वाली कॉल पर पड़ा असर :** डॉ. शाहीन और डॉ. परवेज अंसारी का पाकिस्तानी कनेक्शन खंगाला जाने लगा। जांच एजेंसियों ने चमनगंज, बेकनगंज समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों में दबिश दी। वहां से जानकारियां जुटाईं। इसका असर पाकिस्तान जाने वाली कॉल पर पड़ा।





सूत्र बताते हैं कि शहर से सामान्य दिनों में 200 के आसपास कॉल पाकिस्तान जाती थी जबकि विस्फोट और जांच एजेंसियों के सतर्क होने पर घटकर एक चौथाई हो गई। इसके पीछे आमजन में सामान्य डर हो सकता है या फिर किसी तरह के विवाद में फंसने से बचने के लिए उठाया गया कदम है।

फिलहाल, जांच एजेंसियों ने कॉल की डिटेल निकाल ली है, जिसका आकलन किया जा रहा है। कुछ संवेदनशील कॉल भी आईं और गईं हैं।

सूत्र बताते हैं कि जांच एजेंसियां देर रात या एक दम तड़के की गईं फोन कॉल पर नजर रखे हुए है। यह कॉल पाकिस्तान के किस हिस्से में की गईं हैं इसका डेटा भी तैयार किया जा रहा है।

**व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम कॉल की संभावना :** विस्फोट के बाद से व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम कॉल के माध्यम से पाकिस्तान में कॉल करने की संभावना है। कमिश्नरी पुलिस के अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पुलिस और एलआईयू जरूर गुप्त तरीके से संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है।

# दिल्ली में प्रदूषण से लड़ाई को मिला नया हथियार राजधानी में 10 हजार हीटर बांटेगी रेखा गुप्ता सरकार



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण कम करने के लिए नई पहल की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लकड़ी-कोयला जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली सरकार आरडब्ल्यूए को सीएसआर सहयोग से 10 हजार इलेक्ट्रिक हीटर वितरित करेगी।

**सीएम रेखा गुप्ता की प्रदूषण कम करने के लिए नई पहल**

मुख्यमंत्री ने बताया, उनका लक्ष्य है कि दिल्ली के किसी भी ब्लॉक या इलाके में चौकीदार या निवासी लकड़ी-कोयला न जलाएं। सभी आरडब्ल्यूए को जागरूक करेंगे और प्रेरित करेंगे कि उनके क्षेत्र में ऐसा न हो। इलेक्ट्रिक हीटर देकर हम अपने चौकीदारों को ठंड से बचाने के साथ-साथ स्वच्छ विकल्प भी देना चाहते हैं।

यह कदम सर्दियों में खुले में जलने वाली अलाव से निकलने वाले धुएं को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। सरकार को उम्मीद है कि इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पीतमपुरा दिल्ली हाट में रवा और सुरक्षा गार्डों को इलेक्ट्रिक हीटर बांटे।

# मौलाना तौकीर के करीबी आरिफ की मार्केट पर चला बुलडोजर



**बरेली।** बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल का साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा फतेहगढ़ जेल में बंद है। उसके करीबियों पर अब फिर से कार्रवाई शुरू हो गई है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी कॉलोनाइजर मोहम्मद आरिफ पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। शनिवार सुबह 11 बजे बीडीए ने पीलीभीत बाईपास रोड और जगतपुर क्षेत्र में उसकी दो संपत्तियों पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी।

शनिवार सुबह बीडीए की टीम अवैध निर्माण ढहाने पहुंची, इससे पहले बारादरी थाना पुलिस ने पूरे क्षेत्र को पहले ही चारों ओर से घेर लिया था। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर बुला लिया गया। सीओ ने माइक लेकर लोगों को यहां से दूर रहने का निर्देश दिया ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने बताया कि आरिफ ने जगतपुर में दो मंजिला मार्केट और पीलीभीत बाईपास पर बने कपड़ों के शोरूम का निर्माण बिना नक्शा स्वीकृत कराए कराया था। पूरे परिसर में जिम, होमडेकोर सेंटर और कई दुकानों का संचालन चल रहा था। जांच में निर्माण अवैध पाए जाने के बाद बीडीए ने पहले 11 अक्तूबर को दोनों परिसरों को सील किया था।

शनिवार को बीडीए ने 15 दुकानों और दो बड़े शोरूम पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया। टीम ने परिसर के पिछले हिस्से से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की और जेसीबी की एक के बाद एक चोट से दीवारें गिरनी शुरू हो गईं। फिलहाल मौके पर भारी फोर्स और बीडीए की टीम ध्वस्तीकरण करवा रही है, आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा है। जगतपुर में तीन साल पहले आरिफ ने अवैध दो मंजिला मार्केट बनवाकर कई दुकानों को 30-30 लाख रुपये में बेचा।

# सम्राट के गृह मंत्री बनते ही बड़ी कार्रवाई, बेगूसराय में एनकाउंटर में कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय घायल

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। तेघड़ा में दो दिन पहले हुए एनकाउंटर के बाद अब साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र में जिला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। देर रात मल्हीपुर और शालिग्रामी गांव के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार जारी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ही भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को नीतीश कुमार सरकार में गृह विभाग का प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले लगभग दो दशक तक यह प्रभार नीतीश कुमार के पास ही था।



**गुप्त सूचना पर छापेमारी, बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग :** जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि तेघड़ा थाना क्षेत्र का शातिर एवं फरार अपराधी शिवदत्त राय मल्हीपुर इलाके में हथियार खरीदने पहुंचने वाला है। सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन और घेराबंदी में जुट गई। जैसे ही पुलिस टीम शालीग्राम गांव के पास पहुंची, दो बाइक पर सवार करीब छह बदमाशों ने अचानक पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान एक गोली शिवदत्त राय की जांघ में लगी और वह जमीन पर गिर गया। मौके का फायदा उठाकर उसके पाँच अन्य साथी अंधेरे में फरार हो गए।

# बर्ड फ्लू के दुर्लभ स्ट्रेन से इंसानों में पहली मौत, गाय-चूहों में भी देखा गया संक्रमण



**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक में दुनियाभर में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों का प्रकोप देखा गया है। कोरोनावायरस हो या कई अन्य जूनोटिक बीमारियां, इन सभी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर काफी दबाव बढ़ा है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दिनों अमेरिका के कई प्रांतों में बर्ड फ्लू वायरस का प्रकोप देखा जा रहा है। खबरों के मुताबिक वाशिंगटन में बर्ड फ्लू के एक दुर्लभ स्ट्रेन (एच5एन5) के कारण पहली मौत दर्ज की गई है। इस खबर ने इंसानों के लिए घातक माने जाने वाले बर्ड फ्लू को लेकर लोगों के मन में फिर से डर बढ़ा दिया है, हालांकि राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इससे ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है।

वाशिंगटन स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ द्वारा शुक्रवार को जारी अपडेट के मुताबिक, बर्ड फ्लू संक्रमण कारण मरने वाले व्यक्ति की उम्र ज्यादा थी और वह पहले से ही कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार था। अधिकारियों ने कहा, मृतक पोल्ट्री के संपर्क में रहता था, संभवतः यहीं से वह संक्रमित हुआ है। कोमोरबिडिटी का शिकार होने के कारण संक्रमण ने गंभीर रूप ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई।





गौरतलब है कि इससे पहले इस साल के शुरूआती महीनों में भी कई देशों में बर्ड फ्लू के मामले तेजी से बढ़े थे।

हालिया मामले में वाशिंगटन में संक्रमण से हुई मौत के बाद राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, इससे लोगों के लिए खतरा कम है। मृतक व्यक्ति के करीबी संपर्क में आए सभी व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। अब तक लोगों के बीच इस वायरस के फैलने का कोई संकेत नहीं है।

इस महीने की शुरूआत में, सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने बर्ड फ्लू के बारे में एक बयान जारी किया था जिसमें कहा गया था कि नए स्ट्रेन्स को लेकर अध्ययनों में ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं जिससे माना जाए कि ये इंसानों के लिए खतरनाक है।

मेडिकल रिपोर्ट्स में एच5एन5 वैरिएंट को अब तक फैलने वाले बर्ड फ्लू (एच5एन1) से ज्यादा खतरनाक नहीं पाया गया है। एच5एन1 की वजह से 2024 से 2025 के बीच अकेले अमेरिका में 70 लोगों में संक्रमण के मामले सामने आए थे। इनमें से ज्यादातर डेयरी और पोल्ट्री फार्म पर काम करने वाले लोग थे, हालांकि इनमें भी बीमारियां बहुत हल्के स्तर की थीं।


रिपोर्ट्स से पता चलता है कि एच5एन5 और एच5एन1 के बीच एक प्रोटीन में अंतर है जो इन्फेक्टेड सेल से वायरस को रिलीज करने और आस-पास के सेल में फैलने में मदद करता है। इसका इंसानों पर किस प्रकार का असर हो सकता है, इसे समझने के लिए अभी भी वैज्ञानिकों की टीम अध्ययन कर रही है।

**बर्ड फ्लू का स्ट्रेन डी1.1 :** एवियन इन्फ्लूएंजा जिसे बर्ड फ्लू के नाम से भी जाना जाता रहा है, इसका इंसानों में संक्रमण दुर्लभ माना जाता रहा है। पर पिछले कुछ वर्षों में ये वायरस न सिर्फ इंसानों को संक्रमित कर रहा है बल्कि इसके कारण कई स्थानों पर मौत के मामले भी सामने आए हैं।

अमेरिकी कृषि विभाग के अधिकारियों ने 5 फरवरी 2025 को बताया था कि नेवादा स्टेट में कई मवेशी एक नए प्रकार के बर्ड फ्लू डी1.1 से संक्रमित पाए गए, जो अब तक अमेरिका में फैल रहे वैरिएंट से अलग थे। शुरूआती अध्ययनों में इसकी प्रकृति काफी खतरनाक पाई गई थी जिसमें संभावित रूप से महामारी का कारण बनने की क्षमता हो सकती है। एच5एन1 वायरस या बर्ड फ्लू के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा हो सकता है। बर्ड फ्लू को आमतौर पर मुर्गियों और पक्षियों में संक्रमण फैलाने वाला माना जाता रहा है, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इससे पहली बार गायों, इंसानों को भी संक्रमित देखा गया है। फरवरी 2025 में पहली बार चूहों में भी इससे संक्रमण की पुष्टि की गई थी।

अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के एनिमल एंड प्लानेट इंस्पेक्शन सर्विस ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि पहली बार चूहे इस संक्रामक रोग की चपेट में आए हैं।

# रिपब्लिकन सांसद माजोर्री टेलर ग्रीन का कांग्रेस से इस्तीफे का एलान, ट्रंप की नीतियों से हैं नाराज



**माजोर्री टेलर ग्रीन ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के साथ-साथ विदेश नीति और हेल्थ केयर पर ट्रंप के रुख की आलोचना की थी। इसके बाद ट्रंप ने उन्हें गद्दार और पागल कहा।**

**वॉशिंगटन।** जॉर्जिया की रिपबल्किन पार्टी की सांसद माजोर्री टेलर ग्रीन ने कांग्रेस से इस्तीफे का एलान कर सभी को चौंका दिया है। माजोर्री टेलर ग्रीन कभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीबी थीं, लेकिन अब उनकी आलोचक बन गई हैं और दोनों के बीच सार्वजनिक तौर पर भी बहस हो चुकी है। ग्रीन ने ऑनलाइन पोस्ट किए गए 10 मिनट से ज्यादा के वीडियो में अपने फैसले के बारे में बताया और कहा कि उन्हें वॉशिंगटन डी.सी. में हमेशा से नफरत की नजर से देखा गया है, और वह कभी भी वहां फिट नहीं हुईं।

**ट्रंप की समर्थक से बनीं आलोचक**

ग्रीन ट्रंप की 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' राजनीति के सबसे मुखर समर्थकों में से एक थीं। हालांकि हाल के महीनों में ट्रंप के साथ उनके संबंध बिगड़े थे और दोनों के बीच सार्वजनिक तौर पर अनबन हुई, क्योंकि माजोर्री टेलर ग्रीन ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के साथ-साथ विदेश नीति और हेल्थ केयर पर ट्रंप के रुख की आलोचना की थी। इसके बाद ट्रंप ने उन्हें गद्दार और पागल कहा और कहा कि जब वह अगले साल फिर से चुनाव लड़ेंगी तो वह उनके खिलाफ एक अन्य उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

**कई बयानों को लेकर चर्चा में रहीं**

वीडियो में माजोर्री टेलर ग्रीन कहा कि उनका कांग्रेस में आखिरी दिन 5 जनवरी, 2026 होगा। माजोर्री के एलान पर अभी तक व्हाइट हाउस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

ग्रीन ने दअल्लङ्गल्ल थ्योरी को अपनाया और श्वेत सर्वोच्चता की समर्थक रहीं। इसे लेकर पार्टी नेताओं ने ग्रीन का विरोध भी किया लेकिन ट्रंप ने उनका स्वागत किया। ग्रीन ने 2019 में तर्क दिया कि सांसद इल्हान उमर और रशीदा तलीब, दोनों मुस्लिम महिलाएं, कांग्रेस की आधिकारिक सदस्य नहीं थीं क्योंकि उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोहों में बाइबल के बजाय कुरान की शपथ ली थी।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की अपील

# जी20 देश दुनिया की परेशानियों को कम करने में करें अपनी ताकत का इस्तेमाल

**जोहान्सबर्ग।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि जी20 देशों में दुनिया की मुश्किलों को कम करने और दुनिया को ज्यादा शांतिपूर्ण रास्ते पर लाने की क्षमता है। उन्होंने जी20 देशों के समूह से अपनी ताकत का इस्तेमाल गरीब और विकासशील देशों की परेशानियों को कम करने में इस्तेमाल करने की अपील की। गुटेरेस ने यह बात शुक्रवार को जोहान्सबर्ग पहुंचने के बाद एक मीडिया बातचीत में कही। गुटेरेस जोहान्सबर्ग में हो रहे जी20 सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

**'बढ़ता सैन्य खर्च विकास संसाधनों को खींच रहा'**

गुटेरेस ने कहा, 'अगले दो दिनों में जी20 नेताओं के लिए मेरा संदेश आसान है। अब लीडरशिप और विजन का समय है। उन्होंने दुनिया भर में जारी संघर्षों, जलवायु की गड़बड़ी, आर्थिक अनिश्चितता, असमानता और वैश्विक मदद में कमी का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ता सैन्य खर्च विकास संसाधनों को खींच रहा है। उन्होंने कहा, 'दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते, ऋ20 देश मुश्किलों को कम करने, यह पक्का करने में बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं कि आर्थिक विकास सबका हो। जो हमारी दुनिया को भविष्य के लिए एक बेहतर, ज्यादा शांतिपूर्ण रास्ते पर ले जा सके।'




**गुटेरेस ने कहा कि विकासशील देश, खासकर अफ्रीकी देशों में सिकुड़ता राजकोष, भारी कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं और वैश्विक वित्तीय व्यवस्था इन देशों को ठीक से प्रतिनिधित्व करने से चूक रही हैं। उन्होंने कहा कि 'आज वैश्विक संस्थानों में अफ्रीकी देशों का बहुत कम प्रतिनिधित्व है।**

### 'अफ्रीका को हर वैश्विक मंच पर जगह मिलनी चाहिए, जहां फैसले लिए जाते

गुटेरेस ने कहा कि 'अफ्रीका को हर उस फोरम में सही जगह मिलनी चाहिए जहां फैसले लिए जाते हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के बोर्ड से लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट और दूसरी वैश्विक निकायों तक भी पहुंच होनी चाहिए।' गुटेरेस ने सुझाव दिया, 'ऋ20 इस ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने और ऐसे सुधार लाने में मदद कर सकता है जो विकासशील देशों और खासकर अफ्रीका को वैश्विक नीति बनाने में आवाज दें, और आने वाले वर्षों में वैश्विक आर्थिक प्रशासन को ज्यादा समावेशी, समान और असरदार बनाएं।' गुटेरेस ने कहा कि वह जी20 सदस्यों से ये भी कहेंगे कि वे सूडान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, माली, यूक्रेन, गाजा, हैती, यमन और म्यांमार समेत दुनिया भर में मौत, तबाही और अस्थिरता पैदा करने वाले झगड़ों को खत्म करने के लिए अपने असर और आवाज का इस्तेमाल करें।

# न्यूयॉर्क गवर्नर ने ट्रंप - ममदानी मुलाकात की सराहना करते हुए समर्थकों की भाषा पर भड़ास भी निकाली

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप और न्यूयॉर्क इलेक्टेड-मेयर जोहरान ममदानी की मुलाकात के बाद गवर्नर कैथी होचुल ने रिपब्लिकन नेताओं के इस्लामोफोबिक हमलों की निंदा की। होचुल ने ट्रंप की इस बात के लिए सराहना की और कहा कि इस मुलाकात से ट्रंप ने इन हमलों को खारिज किया।

अमेरिका के न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। इस मुलाकात के तुरंत बाद न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने एक कड़ी प्रतिक्रिया जारी की और ममदानी पर हो रहे इस्लामोफोबिक हमलों की खुले शब्दों में निंदा की। होचुल ने राष्ट्रपति ट्रंप की इस बात के लिए सराहना भी की।



होचुल ने कहा कि ट्रंप और ममदानी की मुलाकात राज्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों ने लागत कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे साझा मुद्दों पर सहयोग की बात की। लेकिन उन्होंने साथ ही रिपब्लिकन नेताओं की ओर से ममदानी को ह्यजिहादीह्ल कहने जैसी टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताया। साथ ही इस्लामोफोबिक और राजनीति के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने साफ कहा कि न्यूयॉर्क में ऐसी बयानबाजी की कोई जगह नहीं है और वह इस तरह की भाषा का कड़ा विरोध करेंगी।

**होचुल की चेतावनी**

होचुल ने रिपब्लिकन नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि ममदानी की पृष्ठभूमि, धर्म और पहचान का राजनीतिक इस्तेमाल करना नैतिक रूप से गलत और लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि वह व्हाइट हाउस के साथ तभी सहयोग करेंगी, जब राज्य के हित सुरक्षित रहेंगे।

**ममदानी के समर्थन में बड़ा बयान:** ममदानी के चुनाव जीतने के बाद यह पहली बार था जब होचुल ने इतनी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वह न्यूयॉर्क के हित में ट्रंप और ममदानी दोनों के साथ काम करने को तैयार हैं, लेकिन यह सहयोग तभी होगा जब राज्य की मूल्यों और प्राथमिकताओं से समझौता नहीं किया जाएगा।

# ममदानी से पूछे गए 'तानाशाह' वाले सवाल पर ट्रंप का जवाब वायरल

**न्यूयॉर्क।** दरअसल, मुलाकात के दौरान एक रिपोर्टर ने ममदानी से तीखा सवाल पूछ लिया- 'क्या आप अब भी ट्रंप को तानाशाह मानते हैं?'

याद रहे कि चुनाव प्रचार के दौरान ममदानी ने ट्रंप को 'फासीवादी' और 'तानाशाह' कहा था। रिपोर्टर के तीखे सवाल पर जैसे ही ममदानी जवाब देने लगे, तभी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें बीच में रोककर कहा- ठीक है, आप हां कह सकते हैं समझाने से आसान रहेगा। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है।

यह पल कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कई लोग इसे ट्रंप की पुरानी राजनीतिक शैली सीधे और तंज भरे अंदाज के तौर पर देख रहे हैं।

न्यूयॉर्क से ताल्लुक रखने वाले ट्रंप ने ममदानी को मेयर चुनाव में जीत पर बधाई दी। चुनाव के दौरान ट्रंप ने उन्हें अति-वामपंथी कहकर विरोध किया था। लेकिन ओवल ऑफिस में तस्वीर बिल्कुल अलग थी। ट्रंप ने कहा, हमारी मुलाकात अच्छी रही। हम दोनों चाहते हैं कि यह शहर अच्छा करे। घरों की समस्या और खाद्य कीमतों पर हम दोनों सहमत हैं। ममदानी अच्छा काम करेंगे तो मुझे खुशी होगी।



**न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। मेयर चुनाव के बाद दोनों नेताओं की यह पहली आमने-सामने बैठक थी, लेकिन इस मुलाकात में एक ऐसा वाक्या हुआ जिसने राजनीतिक गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा छेड़ दी।**

### ओवल ऑफिस की यह मुलाकात तीन कारणों से चर्चा में है-

1. रिपोर्टर के तानाशाही वाले सवाल पर ट्रंप का हस्तक्षेप
2. दोनों नेताओं का चुनावी हमलों को पीछे छोड़कर सौम्य रवैया
3. शहर के बड़े मुद्दों पर सहयोग का संकेत

ट्रंप के इस बयान को कई राजनीतिक विश्लेषक उनके बदले हुए रुख के तौर पर देख रहे हैं, खासकर तब जब चुनाव प्रचार में वे ममदानी के सबसे मुखर आलोचकों में थे।

ममदानी ने भी राष्ट्रपति ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा, मैं सराहना करता हूं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस बैठक में उन मुद्दों पर फोकस नहीं किया जिन पर हमारे मतभेद हैं। उन्होंने वहां ध्यान दिया जहां हम मिलकर न्यूयॉर्क के लोगों की सेवा कर सकते हैं।

ममदानी के इस बयान को नए राजनीतिक समीकरणों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है खासकर ऐसे समय में जब न्यूयॉर्क महंगाई, बेघरता और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे बड़े मुद्दों से जूझ रहा है। सोशल मीडिया पर दो प्रतिक्रियाएं सबसे अधिक देखी जा रही हैं, कुछ लोग इसे ट्रंप का व्यंग्य मान रहे हैं, तो कुछ इसे व्यवहारिक राजनीति की मिसाल बता रहे हैं।

पहली मुलाकात भले ही थोड़ी तीखी शुरूआत के साथ वायरल हो गई, लेकिन अंत में दोनों नेताओं ने सहयोग का संदेश देकर यह संकेत जरूर दे दिया न्यूयॉर्क के बड़े मुद्दों पर, विरोधी राजनीति के बावजूद, दोनों साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

# एसआईआर अभियान में बीएलओ की उपस्थिति अनिवार्य, सभी कार्यकर्ता सहयोग करें : मयंक गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता गहन पुनःनिरीक्षण अभियान पूरे दिन शहरभर के मतदान केंद्रों पर जारी है। अभियान के तहत सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहकर मतदाताओं का विस्तृत सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।



भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि यह अभियान आगामी चुनावों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे मतदाता सूची को त्रुटिहीन और अद्यतन बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, बूथ प्रवासियों और बीएलए-2 से अपील की कि वे बीएलओ के साथ बैठकर अभियान को गति प्रदान करें, ताकि प्रत्येक बूथ पर 100% पुनःनिरीक्षण सुनिश्चित हो सके।

मयंक गोयल ने कहा, जब सभी जिम्मेदार पदाधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे, तभी मतदाता सत्यापन का लक्ष्य पूरी तरह प्राप्त होगा। आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्यकर्ता अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाएँ।

# दो स्थानों पर नाम दर्ज मतदाता केवल एक ही जगह गणना प्रपत्र भरें : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**दो जगह प्रपत्र जमा करने पर अधिनियम की धारा 31 के तहत कार्रवाई संभव**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षणझ्र2026 का कार्य जिले में तेजी से जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं और भरे हुए प्रपत्र वापस एकत्र कर रहे हैं।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं का नाम वर्तमान वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली में एक से अधिक मतदेय स्थलों या विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज है, ऐसे सभी मतदाता केवल एक ही स्थान पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई मतदाता दोनों स्थानों पर गणना प्रपत्र भरकर जमा करता है और यह सिद्ध हो जाता है, तो उसके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इस धारा में एक वर्ष तक कारावास, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, जिसके लिए मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस प्रोसेसेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री डेवलपमेंट फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से आयोजित 'गुड मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस प्रोसेसेस कॉन्फ्रेंस एंड अवॉर्ड्स 2025' समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के उद्यमी, विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता असरम प्रताप सिंह ने कहा कि उद्योगों में ऊर्जा-संचयन के नवीन उपायों को अपनाकर लागत घटाई जा सकती है और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी निभाई जा सकती है।

महासचिव मुकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में पिछले एक वर्ष में सरकार एवं एसोसिएशन के सहयोग से हुए सुधारों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में मेंटेनेंस चार्ज को 72 रुपए से घटाकर 38 रुपए प्रति वर्गमीटर किया गया, जिससे उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, सेवाओं का सरलीकरण, यूपीसीडा अन्य सरकारी विभागों के साथ निरंतर संवाद, नीतियों में पारदर्शिता और एमएसएमई सेक्टर के लिए बढ़ी हुई सहूलियतें साहिबाबाद के औद्योगिक क्षेत्र में निवेश, उत्पादन, रोजगार और विस्तार की संभावनाओं को बढ़ावा दे रही हैं।







इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, दिनेश मित्तल, यशपाल सिंह, अजीत तोमर, कुलवंत सिंह, मुकेश गुप्ता, हनुमान लखोटिया, गिरीश गुप्ता, प्रवेश चोपड़ा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यालय सचिव चरणजीत सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन साहिबाबाद के औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को और अधिक मजबूत करने की आशा की जा रही है।

# नेताजी की जयंती पर सपा ने याद किया संघर्ष, विचार गोष्ठी और भंडारे का आयोजन

## जिला कार्यालय गाज़ियाबाद में मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि, कृतित्व पर विस्तृत चर्चा

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी गाज़ियाबाद के जिला कार्यालय में आज समाजवादी आंदोलन के जनक और धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उनके व्यक्तित्व, संघर्ष और राजनीतिक योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।






जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

फैसल हुसैन ने कहा कि मुलायम सिंह यादव सामाजिक न्याय की लड़ाई के प्रतीक थे। उन्होंने 9 बार जेल जाकर संघर्ष किया, आठ बार विधायक, सात बार सांसद और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जनता की सेवा की। सामाजिक न्याय पर उनका स्पष्ट दृष्टिकोण और संघर्ष उन्हें सदैव विशिष्ट बनाता है।




महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि नेताजी ने 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना कर आधुनिक समाजवादी आंदोलन को नई दिशा दी। वे दोबारा 1993 और 2003 में मुख्यमंत्री बने और 1999 में देश के रक्षा मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उनका जीवन समर्पित रहा।

पूर्व राज्यमंत्री राकेश यादव और प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने कहा कि नेताजी के बताए मार्ग पर चलकर ही समानता आधारित समाज की स्थापना की जा सकती है। कार्यक्रम के बाद एमएमजी अस्पताल और अग्रवाल स्वीट नई बस्ती के पास भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर फैसल हुसैन एडवोकेट, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, नितिन त्यागी, राजन कश्यप, राकेश यादव, भुवन जोशी, धर्मवीर डबास, अभिषेक गर्ग, श्रवण कुमार त्यागी, मधु चौधरी, राज देवी, विकास यादव, आदिल मलिक, रमेश यादव एडवोकेट, मनोज पंडित, ठाकुर विक्की सिंह, इरफान मानक चौधरी, शाहनवाज खान, देवदत्त धाम, लाल सिंह यादव, दुर्गेश चौधरी, मनीष त्यागी, संदीप प्रधान, हाजी नूर हसन चौधरी, मोहम्मद अब्बास हैदर, आशु अब्बासी, साकिर हुसैन, रॉयल युवा गौरव तिवारी, योगेश सिरोही, सुभाष सिंह एडवोकेट, प्रशांत सागर, सोनू सैनी, नवीन कुमार शर्मा, वसीम बाबू एडवोकेट, रोहित राठौर, बाबिल खान, गुलशन चौधरी।

# चार श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन ऐतिहासिक, करोड़ों मजदूरों को मिलेगा सीधा लाभ : शांत प्रकाश जाटव



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** देशभर में 21 नवंबर 2025 से चार श्रम संहिताओं के लागू होने पर भारतीय जनता मजदूर संघ ने भारत सरकार का धन्यवाद करते हुए इसे श्रमिक कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक और दूरगामी कदम बताया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव ने केंद्र सरकार के इस निर्णय को करोड़ों मजदूरों के जीवन में वास्तविक सुधार लाने वाला परिवर्तनकारी फैसला कहा।

**सरकार के निर्णय का स्वागत :** शांत प्रकाश जाटव ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्त संहिता 2020– इन चारों श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन को मजदूर हित में सबसे बड़ा सुधार करार दिया। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों से श्रम तंत्र अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और आधुनिक बनेगा।

जाटव ने कहा कि गिग वर्करों, प्लेटफॉर्म वर्करों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को पहली बार व्यापक सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध होने जा रही है। उन्होंने इसे न्यायपूर्ण श्रम व्यवस्था की दिशा में मील का पत्थर बताया।

### संहिताओं से प्रमुख लाभ

नई श्रम संहिताओं से मिली सुविधाओं में न्यूनतम वेतन की गारंटी, नियुक्ति पत्र अनिवार्यता, समय पर वेतन भुगतान, सभी कर्मचारियों के लिए सालाना मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण, ईएसआईसी कवरेज का विस्तार, महिलाओं को सुरक्षा के साथ रात्रि पाली में कार्य अवसर, अनुबंध श्रमिकों के लिए समान सुरक्षा और उद्योगों के लिए सिंगल रजिस्ट्रेशन व सिंगल लाइसेंस जैसी सरल व्यवस्थाएं शामिल हैं।

### जागरूकता अभियान चलाएगा बीजेएमएस

भारतीय जनता मजदूर संघ ने घोषणा की है कि वह देशभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर सभी श्रमिकों तक नई श्रम संहिताओं के अधिकारों और लाभों की जानकारी पहुंचाएगा। जाटव ने कहा कि संगठित व असंगठित—दोनों ही क्षेत्रों के मजदूरों को इन सुधरों का लाभ दिलाना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।